Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 12 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 190 • पृष्ठ 12


मूल्य ₹ 2.00

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग, ब्रूक नंबर वन बल्लेबाज बने, भारतीय कप्तान गिल आठवें स्थान पर

आरोप है तो मेरा नार्को टेस्ट करवाओ, लेकिन राजस्थान के पूर्व मंत्री रमेश मीणा की अशोक...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 13,35,000 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**1905 :** सेवर्स ऑफ इंडिया सोसाइटी का गठन पुणे, महाराष्ट्र में गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा किया गया था जिन्होंने इस संघ के गठन के लिए डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी को छोड़ दिया था। उनके साथ नटेश अप्पाजी द्रविड़, गोपाल कृष्ण देवधर और अनंत पटवर्धन जैसे शिक्षित भारतीयों का एक छोटा समूह था जो भारत में सामाजिक और मानवीय विकास को बढ़ावा देना चाहते थे और ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना चाहते थे।

**2008 :** दक्षिणी एशियाई फुटबाल महासंघ वर्ष 2009 हेतु छठी सैफ फुटबाल चैम्पियनशिप की मेजबानी सौंपी।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार कैडर की चार महिला आईपीएस अधिकारियों को वेतनमान में मिली प्रोन्नति

**पटना (नि.सं.)** । बिहार सरकार ने राज्य कैडर की चार तेजतर्रार महिला आईपीएस (आईपीएस) अधिकारियों को नववर्ष का बड़ा तोहफा देते हुए उन्हें प्रोन्नति (प्रमोशन) दी है। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस फैसले के बाद पुलिस प्रशासनिक हलकों में खुशी की लहर है और इन युवा महिला अधिकारियों के कंधों पर अब नई और बड़ी जिम्मेदारियां देखने को मिलेंगी। गृह विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, इन सभी महिला पुलिस अधिकारियों को यह प्रोन्नति 'वरीय समय वेतनमान' के तहत दी गई है।

बिहार में हरित ऊर्जा और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी पहल

# पश्चिम चंपारण में लगेगा 120.74 करोड़ रुपये का सीबीजी प्लांट



- 370 लोगों को मिलेगा रोजगार
- निवेश, नवाचार और हरित विकास का केंद्र बनेगा बिहारः कुंदन कुमार

निज संवाददाता | पश्चिम चंपारण

बिहार में हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पश्चिम चंपारण जिले के औद्योगिक क्षेत्र कुमारबाग में लगभग 120.74 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के शुरू होने से राज्य में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को नई गति मिलेगी, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का भी विस्तार होगा। यह परियोजना एम/एस भारत जीपीएस बायोएनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की जाएगी। इसके लिए बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की परियोजना समाशोधन समिति (पीसीसी) ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आएडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई।

प्रस्तावित सीबीजी प्लांट लगभग 15 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इस इकाई में कृषि अवशेषों और अन्य जैविक अपशिष्टों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग कर स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। इससे न केवल ऊर्जा उत्पादन के वैकल्पिक स्रोत को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। कृषि अपशिष्टों के बेहतर उपयोग से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और खेतों में पराली या अन्य अवशेष जलाने जैसी समस्याओं में भी कमी आएगी। परियोजना के माध्यम से लगभग 370 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने के साथ-साथ कौशल विकास के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की हरित ऊर्जा परियोजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बिहार सरकार हरित ऊर्जा और पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस जैसी परियोजनाएं राज्य में सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन के नए आयाम स्थापित करेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह की पहल बिहार को हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।

### निवेश से बिहार को मिलेगी नई औद्योगिक रफ्तार

उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आएडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को बेहतर आधारभूत संरचना, पारदर्शी प्रक्रियाएं और निवेशक-अनुकूल नीतियां उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ते निवेश से बिहार की औद्योगिक प्रगति को नई गति मिलेगी और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार को निवेश, नवाचार और हरित औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनाना है। इसी दिशा में लगातार नई परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी हासिल किया जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार, कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है। यह जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ऐसे में कुमारबाग में स्थापित होने वाला यह प्लांट बिहार के हरित ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो सकता है।

बिहार विधान परिषद चुनाव

# निशांत कुमार और पवन सिंह समेत 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

निज संवाददाता | पटना



बिहार विधान परिषद की विधानसभा कोटे की नौ सीटों के द्विवार्षिक चुनाव और एक रिक्त सीट पर हुए उपचुनाव का परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया। चुनाव में सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इनमें बिहार के स्वास्थ्य मंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार तथा भोजपुरी फिल्म जगत के चर्चित अभिनेता और गायक पवन सिंह की जीत सबसे अधिक चर्चा में रही। विधान परिषद की 10 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद केवल 10 उम्मीदवार ही मैदान में बचे थे। किसी भी सीट पर अतिरिक्त प्रत्याशी नहीं होने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी। नामांकन पत्रों की जांच में सभी उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाए गए और नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इस चुनाव का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का विधान परिषद पहुंचना माना जा रहा है। लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले निशांत कुमार पिछले कुछ समय से सार्वजनिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय दिखाई दे रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद यह माना जा रहा था कि उन्हें जल्द ही किसी सदन का सदस्य बनाया जाएगा। अब एमएलसी बनने के बाद उनकी राजनीतिक भूमिका और अधिक मजबूत हो गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जदयू नेतृत्व ने निशांत कुमार को विधान परिषद भेजकर पार्टी के भविष्य के नेतृत्व को लेकर भी महत्वपूर्ण संकेत दिए हैं। हालांकि पार्टी की ओर से इस विषय पर कोई औपचारिक टिप्पणी नहीं की गई है। भोजपुरी फिल्म उद्योग के लोकप्रिय अभिनेता और गायक पवन सिंह का विधान परिषद पहुंचना भी इस चुनाव का प्रमुख आकर्षण रहा। लाखों प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय पवन सिंह अब मनोरंजन जगत के साथ-साथ सक्रिय राजनीति में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में पवन सिंह का राजनीतिक प्रभाव लगातार बढ़ा है। उनके विधान परिषद सदस्य बनने से भाजपा को पूर्वांचल और भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में राजनीतिक लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### दीपक प्रकाश एमएलसी बनने से चूके

चुनाव परिणाम के साथ सबसे अधिक चर्चा पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को लेकर हो रही है। उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश को एनडीए की ओर से विधान परिषद चुनाव का उम्मीदवार नहीं बनाया गया। इससे वे एमएलसी बनने का अवसर खो बैठे। राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से यह चर्चा थी कि एनडीए दीपक प्रकाश को विधान परिषद भेजकर उनका मंत्री पद सुरक्षित करेगा। लेकिन उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद उनका नाम शामिल नहीं किया गया, जिससे सभी राजनीतिक समीकरण बदल गए। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति मंत्री पद की शपथ लेने के समय विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य नहीं है, तो उसे

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 20 किलोवाट एफएम ट्रांसमीटर का किया उद्घाटन



एजेंसी | जयपुर

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को आकाशवाणी जयपुर परिसर से वर्चुअल माध्यम के जरिए जैसलमेर जिले के रामगढ़ में स्थापित 20 किलोवाट क्षमता वाले एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इस नई सुविधा के शुरू होने के साथ ही राजस्थान में एफएम ट्रांसमीटरों की कुल संख्या बढ़कर 39 हो गई है। रामगढ़ में स्थापित यह ट्रांसमीटर सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग 80 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों तक रेडियो प्रसारण पहुंचाने में सक्षम होगा। इसके माध्यम से क्षेत्र के लोगों को सूचना, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, संस्कृति और मनोरंजन से जुड़े विविध कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। सीमांत क्षेत्रों में संचार सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रसार भारती को बदलते समय और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को विकसित करने का आह्वान किया।

## बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

निज संवाददाता | पटना



बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर हुए द्विवार्षिक निर्वाचन तथा एक सीट पर हुए उपचुनाव में निर्वाचित सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने द्विवार्षिक निर्वाचन में निर्वाचित पवन सिंह, अनिल ठाकुर, निशांत कुमार, सुनील कुमार सिंह, अशरफ अंसारी, शिवानी देवी प्रजापति, संजय प्रकाश मयूख, भारती मेहता तथा शीला पंडित को शुभकामनाएं दीं। वहीं, उपचुनाव में निर्वाचित ललन प्रसाद को भी बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नवनिर्वाचित सदस्यों का अनुभव, दृष्टिकोण और जनप्रतिबद्धता विधान परिषद की कार्यवाही एवं विधायी विमर्श को नई दिशा और नया आयाम प्रदान करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सदस्य जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाते हुए राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इधर, गुरुवार को अपराह्न 3 बजे बिहार विधान परिषद निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रिटर्निंग अफसर छोटे पासवान ने सभी विजयी उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा।

## पुराने वाहनों को स्क्रैप करना होगा आसान नई गाड़ी खरीदने पर मिलेगा टैक्स में लाभ

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों से हटाने की प्रक्रिया अब और सरल होने जा रही है। राज्य सरकार ने वाहन स्क्रैपिंग नीति से जुड़े नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। परिवहन विभाग जल्द ही इस संबंध में नया अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी करेगा। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से वाहन मालिकों को आर्थिक लाभ मिलेगा, वहीं पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। परिवहन विभाग के अनुसार, जो वाहन मालिक अपने पुराने वाहनों को अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों में जमा करेंगे, उन्हें 'सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट' प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने पर मोटर वाहन कर में विशेष छूट का लाभ मिलेगा। सरकार का उद्देश्य लोगों को पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जगह नई, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल गाड़ियों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है।

वर्तमान व्यवस्था के तहत गैर-परिवहन यानी निजी वाहनों को स्क्रैप कराने पर मोटर वाहन कर में 25 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। वहीं परिवहन वाहनों के लिए 15 प्रतिशत तक कर छूट दी जाती है। इसके अतिरिक्त भारत स्टेज-1 और भारत स्टेज-2 उत्सर्जन मानकों के अंतर्गत निर्मित कुछ मध्यम एवं भारी वाहनों को स्क्रैप कराने पर 50 प्रतिशत तक कर छूट का लाभ भी मिल सकता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि निजी वाहनों की स्क्रैपिंग केवल पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) के माध्यम से ही कराई जा सकेगी। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित और नियमबद्ध बनी रहेगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वाहनों का निष्पादन वैज्ञानिक और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप हो।

## अकाउंटेंट के ठिकानों पर छापेमारी, करोड़ों की संपत्ति जब्त



**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने गुरुवार सुबह हाजीपुर नगर परिषद में कार्यरत अकाउंटेंट मनीष कुमार के दो ठिकानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में संपत्ति और दस्तावेज बरामद किए हैं। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में की गई इस कार्रवाई के दौरान करीब दो करोड़ रुपये मूल्य का आलीशान बंगला, एक थार वाहन, लाखों रुपये के आभूषण, 10 सीडी, नकदी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। ईओयू की टीम सुबह करीब 8 बजे हाजीपुर के बागमली मोहल्ला स्थित मनीष कुमार के आवास पर पहुंची। छापेमारी के दौरान स्थानीय थाना पुलिस भी मौजूद रही। अधिकारियों ने घर में रखे दस्तावेजों, संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य रिकॉर्ड की गहन जांच की। जानकारी के अनुसार मनीष कुमार को करीब 10 वर्ष पहले अपने पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर चतुर्थवर्गीय कर्मचारी (प्यून) के पद पर नौकरी मिली थी। बाद में वे अकाउंटेंट के पद तक पहुंचे। जिस आलीशान मकान में छापेमारी की गई, उसकी अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। इसी मकान में मनीष कुमार अपनी मां और पत्नी के साथ रहते हैं, जबकि उनके बच्चे बाहर पढ़ाई कर रहे हैं।

## बिहार में मॉनसून की दस्तक

निज संवाददाता | पटना

बिहार के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे राज्यवासियों को अब जल्द राहत मिलने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने बिहार में प्रवेश कर लिया है और 11 जून को राज्य के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियां मॉनसून की प्रगति के लिए पूरी तरह अनुकूल हैं, जिसके कारण अगले दो से तीन दिनों के भीतर यह पूरे बिहार में फैल सकता है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 11 जून को मॉनसून की उत्तरी सीमा मधुबनी जिले से होकर गुजर रही है।




बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

संदेश

12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर यह स्मरण करना आवश्यक है कि हमारे बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं, जिसकी मजबूत बुनियाद बचपन में हीं रखी जाती है। बाल श्रम से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास बाधित होती है। यह समस्या पूरे समाज की है और इसके समाधान में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

बिहार सरकार ने 'बाल श्रम मुक्त बिहार' की संकल्पना को पूरा करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इनमें स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान, उनका पुनर्वास, स्कॉलरशिप योजनाएं और उनके माता–पिता को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान शामिल हैं, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें याद दिलाता है कि यह केवल एक सरकारी प्रयास नहीं बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। हमारे बच्चे जब स्कूल जायेंगे और खेल–कूद में भाग लेंगे, तभी राज्य का भविष्य उज्ज्वल होगा।

आज का दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम अपने समाज को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए क्या–क्या कर सकते हैं। आईए, हम सब मिलकर सक्रिय रूप में अपनी भागीदारी दिखायें।

(अरुण शंकर प्रसाद)
मंत्री
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार

PR No.- 005390 (LRD)D. 2026-27

## संक्षिप्त समाचार

### कौआकोल में 20 सूत्री समिति की बैठक 19 जून को

**कौआकोल**। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में आगामी 19 जून को प्रखंड 20 सूत्री समिति की सामान्य बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए 20 सूत्री के सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्तावों एवं निर्णयों के अनुपालन की भी विस्तृत समीक्षा होगी। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार के निर्देश पर बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं 20 सूत्री समिति के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है,ताकि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सकें। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करना है।

### कटिहारः भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौनी और 6-7 घंटे की बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हैं



**कटिहार**। कटिहार में भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौनी और 6-7 घंटे की कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हैं। जिससे पेयजल आपूर्ति, छोटे व्यवसाय और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। 24 घंटे में 6 बार तक बिजली कटने और लो-वोल्टेज के कारण इन्वर्टर जवाब दे चुके हैं।जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। कटिहार जिले के शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र नियमित रूप से बिजली नहीं रहने के कारण गर्मी के मौसम में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में 5 से 6 घंटे बिजली कट जाना आम बात हो गई है। विभाग की ओर से एक अधिसूचना जारी की जाती है कि विद्युत में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण उसे मरमती कार्य हेतु क्षेत्र में आज कितने बजे से कितने बजे तक बिजली नहीं रहेगी। इसलिए उपभोक्ताओं से आग्रह है कि बिजली काटने की निर्धारित समय से पूर्व अपने विद्युत से संचालित होने वाले कार्य का निपटारा कर ले। अंत में खेद के लिए क्षमा प्रार्थी हूं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में फीटर या तार में खराबी या अन्य तकनीकी खराबी के कारण सप्ताह में तीन-चार दिन और नियमित रूप से बिजली नहीं रहती है। ग्रामीण क्षेत्र में 8 से 10 घंटे से अधिक अवधि तक बिजली नहीं रहने के कारण गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में खासकर कदवा, प्राणपुर, आजमनगर, बारसोई, बलरामपुर क्षेत्र में बिजली की स्थिति दयनीय रहने के कारण इस क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। ऐसी स्थिति हो गई है कि उपभोक्ता विद्युत विभाग के अधिकारी को फोन लगाते हैं,तो फोन भी नहीं लगता है। कभी फोन लगता है, तो फोन उठाता नहीं है। अगर फोन उठ भी गया तो खराबी को दुरुस्त की जा रही है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति की जाएगी। कह कर फोन कट कर दिया जाता है। यही स्थिति मनिहारी, अमदाबाद, मनसाही,डंडखोरा, हसनगंज, कोढ़ा,फल का, समेली, कुर्सेला, बरारी क्षेत्र की उपभोक्ताओं को भी नियमित रूप से बिजली नहीं आपूर्ति करने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशान है। बिजली उपभोक्ता अपनी समस्या ऑफ लाइन से लेकर ऑनलाइन भी शिकायत करते हैं,लेकिन समय रहते शिकायत का समाधान नहीं हो पता है। विद्युत अधिकारी कहते हैं कि 24 घंटे में 18 से 20 घंटे नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति की जाती है, लेकिन आंधी तूफान आ जाने के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। इसके बावजूद भी विद्युत विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक दिन रात विद्युत उपभोक्ताओं की सुख सुविधाओं को ख्याल में रखकर कार्य कर रही है।

### प्रेम प्रसंग मे एक युवक की हत्या, जांच मे जुटी पुलिस

**कुरसेला (कटिहार)**ः समेली प्रखंड के छोहार पंचायत अंतर्गत मोहजान बहीयार में 22 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान छोहार पंचायत वार्ड संख्या-4 निवासी मनीष कुमार मंडल (22 वर्ष), पिता अर्जुन मंडल के रूप में हुई है। युवक का शव मिलने की सूचना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात अज्ञात परिस्थितियों में मनीष कुमार मंडल की गला रेतकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार, फलका थाना अध्यक्ष प्रह्लाद कुमार यादव, एएसआई सूरज ठाकुर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। इस बीच मृतक के पिता अर्जुन मंडल ने पुलिस को दिए आवेदन में हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग और पूर्व से चली आ रही रंजिश का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि उनके पुत्र का मोहजान निवासी एक विवाहित महिला से प्रेम-संबंध था, जिसे लेकर महिला के परिजन और पति नाराज थे। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व मृतक को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। परिजनों का दावा है कि इसी विवाद के कारण मनीष को बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के पिता ने आवेदन में चार लोगों को नामजद करते हुए उनके विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना पर कोढ़ा डीएसपी सुनील कुमार शर्मा भी मौके पर पहुंचे और जांच की कमान संभाली। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए तथा आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। पुलिस हत्या के कारणों को लेकर प्रेम-प्रसंग, आपसी रंजिश और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर बिंदु पर गहन जांच की जा रही है। फोरेंसिक रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। युवक की नृशंस हत्या से पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।

# विकास एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में भू-अर्जन, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई प्रमंडल, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) सहित विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-02, पार्ट-01 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुआवजा भुगतान हेतु कुल 05 एलपीसी प्राप्त हुए हैं तथा शेष रैयतों से आवश्यक कागजात प्राप्त करने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शिविरों के माध्यम से सभी पात्र लाभुकों का एलपीसी निर्गत कराते हुए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए। साथ ही विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य में तेजी लाने हेतु अधियाची निकाय को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम से संबंधित योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि नवादा जिला अंतर्गत एनएच-31 के 97वें किलोमीटर से कादिरगंज एसएच-08 (सकरी नदी) तक बाईपास-सह-सादीपुर रेलवे हॉल्ट के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण कार्य हेतु संवेदक द्वारा साइट कैम्प का निर्माण कर लिया गया है तथा अर्जित भूमि के सीमांकन का कार्य प्रगति पर है।फरहा में शिविर



आयोजित कर एल.पी.सी. बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही नवादा एवं अकबरपुर अंचल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-20 के सर्विस लेन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

लघु सिंचाई प्रमंडल की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि डेनीझोर-2 पईन सिंचाई योजना तथा मुगदा से बगुरवन पईन सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। वहीं बेलधा आहर-पईन सिंचाई योजना एवं चौमुखी से डुमरी बघोर सिंचाई योजना का कार्य प्रगति पर है।

सिविल सर्जन, नवादा द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के कुछ प्रखंडों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (HWC) का निर्माण भूमि उपलब्धता एवं एनओसी के अभाव में लंबित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को शीघ्र उपयुक्त भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। साथ ही उन्होंने बीएमएसआईसीएल को बुधौल स्थित 200 बेड वाले सदर अस्पताल के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 9 टोलों का अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण नल-जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।जिला पदाधिकारी ने शीघ्र NOC प्राप्त करते हुए छूटे हुए टोलों में कार्य करने का निर्देश दिया।कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि जिले में अधिष्ठापित 32,109 चापाकलों में से प्राप्त 2,603 शिकायतों के विरुद्ध 2,322 चापाकलों की मरम्मत कर दी गई है तथा शेष 281 चापाकलों की मरम्मत का कार्य जारी है।

पथ निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि मंझवे-नरहट-फतेहपुर-गोविंदपुर पथ का 42.069 किलोमीटर लंबाई में बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (BSRDCL) द्वारा चौड़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी प्रकार कादिरगंज-रोह-कौआकोल-जमुई पथ का चौड़ीकरण कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा, सिविल सर्जन, डीसीएलआर, निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचलाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समर कैम्प में संत जॉन्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई (वारिसलीगंज ) का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### विद्यालय की देखरेख में बच्चों ने की भ्रमण व शिक्षण गतिविधियाँ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादाः** जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा द्वारा कक्षा 5वीं एवं 6वीं के छात्रों के भाषाई और गणितीय कौशल को निखारने के उद्देश्य से आयोजित विशेष 'समर कैंप' में संत जॉन्स पब्लिक स्कूल, वारिसलीगंज के बच्चों ने अपनी मेधा का परिचय दिया है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को विशेष देखरेख में भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें सीखने का एक नया और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।शिक्षा विभाग के इस महत्वपूर्ण आयोजन में सीबीएसई (CBSE) से संबद्ध संत जॉन्स पब्लिक स्कूल ने न केवल अपने चयनित बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की, बल्कि विद्यालय की ओर से शिक्षकों की विशेष देखरेख में बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया गया। इस दौरान बच्चों को विषय विशेषज्ञों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों द्वारा



भी सतत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

विद्यालय प्रबंधन के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा और सीखने की प्रवृत्ति को जगाना था। समर कैंप के दौरान शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए, स्कूल ने बच्चों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों और शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से भाषा की बारीकियों और गणितीय सूत्रों को सरलता से समझाया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा, "यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि नवादा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कैंप में बच्चों को हमारे विद्यालय से यह विशेष अवसर मिला। स्कूल का प्रयास है कि बच्चा केवल कक्षा में ही नहीं, बल्कि बाहरी वातावरण और गतिविधियों के माध्यम से भी सीखे। शिक्षा विभाग का यह समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।"

## प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश, शिविर का आयोजन 17 और 18 जून को सभागार में**

**रजौली**। रजौली प्रखंड कार्यालय में गुरुवार की दोपहर को बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड सभागार में आगामी 17 और 18 जून को पदाधिकारियों के सहयोग से प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाना है। इस शिविर को सफल बनाने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर शोर से चल रही है। बीडीओ ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धा,दिव्यांग व विधवा पेंशन), पीएम सूर्य घर - मुफ़्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, भीबी



कार्यालय में बैठक करते बीडीओ व अन्य

जी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता योजना समेत अन्य कई योजनाओं से संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा लाभुकों को लाभ दिया जाएगा। शिविर में लाभुकों के सुविधा हेतु हेल्प डेस्क, मेडिकल स्टोर आदि की व्यवस्था रहेगी। योजना के लाभ हेतु लाभुकों को शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड ,बैंक पासबुक व फोटो समेत अन्य जरूरी दस्तावेज लाना होगा। बीडीओ ने शिविर के सफलता को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## दस रूपये के विवाद में युवक की गयी जान, परिवार का कमाऊ सदस्य की मौत पर परिजनों पर टुटा पहाड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज बाजार में महज 10 रुपये के विवाद को लेकर लाठी-डंडों से पीटे गए 31 वर्षीय दीपू लाल की गुरुवार तड़के इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में मौत हो गई। दीपू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव मिलने में देरी, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर नारदीगंज चौक पर टायर जलाकर करीब एक घंटे तक राजगीर-बोधगया सड़क को जाम रखा।

सूचना मिलते ही डीएसपी राहुल कुमार और थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर व न्याय का भरोसा दिलाकर जाम हटवाया।



घटना के संबंध में मृतक के पिता प्रदीप लाल की लिखित शिकायत पर नारदीगंज थाने में कांड संख्या 208/2026 दर्ज की गई है। प्राथमिकी में मुख्य आरोपी अरमान (पिता असगर मियां) समेत सात लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों—मुन्नी खातून, अख्तर उर्फ बड़ैल दर्जी और असगर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी समेत अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात हैं। संवाद भेजने तक दीपू लाल का शव नारदीगंज नहीं आया है।

वही इस मामले को लेकर बुधवार को एसपी अभिनव धीमान समेत आला अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा कर शांति बनाए रखने की अपील की थी।

उल्लेखनीय है कि बीती 9 जून (मंगलवार) की रात करीब 8 बजे दीपू लाल दुकान पर 10 रुपये का भूंजा (दालमोट) खरीदने गया था। उसने दुकानदार को 20 रुपये दिए, लेकिन दुकानदार ने 10 रुपये ही मिलने की बात कही। इसी मामूली रकम को लेकर हुए विवाद में दीपू को लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी अनुजा देवी, पांच छोटी पुत्रियां और एक मासूम पुत्र छोड़ गया है। पिता का साया उठने से परिवार के सामने भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा का संकट खड़ा हो गया है। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने पीड़ित परिवार को पारिवारिक योजना के तहत 20,000 की तात्कालिक सहायता राशि देने की घोषणा की है।

## 13 जून को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 13.06.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.) नवादा के प्रांगण में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, पटना द्वारा टीसीओ/टी-कॉलेक्शन/टी.आर.ओ. के 60 रिक्त पदों हेतु रोजगार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण/स्नातक निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 12,146 से 14,247 तक मासिक वेतन के साथ ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी., इंश्योरेंस, फ्यूल एवं टर्म इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 32 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्र होंगे।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं पहचान पत्र की छायाप्रति, रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो तथा बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.) नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जो अभ्यर्थी राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल पर निबंधित हैं, वही रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे स्वयं अथवा जिला नियोजनालय, नवादा के माध्यम से एन.सी.एस. पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं तथा नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में कार्य करेगा।

## रजौली में अवैध संबंध को लेकर चौकीदार पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार से लहूलुहान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **अंधरवारी के बब्लू साइबर कैफे के पास दिनदहाड़े वारदात, बहू ने महिला के परिजनों पर लगाया आरोप; थानाध्यक्ष बोले- जांच जारी**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक चौकीदार पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। बब्लू साइबर कैफे के समीप अज्ञात लोगों ने हमला कर चौकीदार को लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल चौकीदार को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि घायल अंधरवारी पंचायत के चौकीदार अनिल पासवान के शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं। उन्हें गहरे जख्म आए हैं। फिलहाल इलाज जारी है और चौकीदार खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

**बहू का आरोपः अवैध संबंध बना हमले की वजह** :- अस्पताल परिसर में मौजूद घायल चौकीदार की बहू रानी देवी ने बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि उनके ससुर अनिल पासवान का अंधरवारी गांव की महिला रश्मि देवी के साथ अवैध संबंध है। परिवार द्वारा विरोध करने पर ससुर घर आना-जाना बंद कर देते हैं। रानी देवी का आरोप है कि गुरुवार को रश्मि देवी के परिजनों ने ही घात लगाकर ससुर पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**चौकीदार ने बताया- आधार निकलवा रहा था** :- इलाजरत चौकीदार अनिल पासवान ने बताया कि वे अंधरवारी स्थित बब्लू साइबर कैफे के पास आधार कार्ड निकलवा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अनिल पासवान ने कहा कि घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

**पुलिस छानबीन में जुटी** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुट गई है। घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि बहू द्वारा लगाए गए आरोपों समेत सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। हमले के पीछे अवैध संबंध का मामला है या कोई अन्य रंजिश, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## रजौली में वन विभाग की छापेमारी, अवैध आरा मशीन जब्त, संचालक फरार

♦ **पुरानी बस स्टैंड में चल रही थी जंगल की लकड़ी की चिराई, मशीन व लकड़ी वन कार्यालय लाई गई; रेंजर बोले- प्राथमिकी दर्ज**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली वन विभाग ने गुरुवार को पुरानी बस स्टैंड स्थित एक अवैध आरा मशीन पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। वन विभाग की टीम ने आरा मशीन, उसके कल-पुर्जे और जंगली लकड़ियों को जब्त कर वन परिसर कार्यालय लाया। छापेमारी के दौरान वनकर्मियों को देखकर आरा मशीन संचालक मौके से फरार हो गया।

रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि पुरानी बस स्टैंड में गुड्डू मिस्त्री द्वारा अवैध ढंग से आरा मशीन संचालित की जा रही थी। सूचना मिली थी कि यहां जंगल से काटी गई लकड़ी की चिराई की जाती है। सूचना के सत्यापन के बाद वन विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की टीम गठित कर



आरा मशीन को उखाड़ते वनकर्मी

गुरुवार को छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान अवैध आरा मशीन को पूरी तरह जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही मशीन के कल-पुर्जे और वहां रखी कुछ जंगली लकड़ियों को भी वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया। जब्त सामान को वन परिसर कार्यालय लाया गया है। रेंजर ने बताया कि जब्त लकड़ी की जांच की जा रही है कि वह किस प्रजाति की है और कहां से काटकर लाई गई थी।

रेंजर नारायण लाल सेवक ने कहा कि वनकर्मियों को देखते ही आरा मशीन संचालक गुड्डू मिस्त्री फरार हो गया। अवैध आरा मशीन संचालक के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

वन विभाग ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध आरा मशीनों के जरिए जंगलों की कटाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रेंजर ने कहा कि बिना लाइसेंस के आरा मशीन चलाना और जंगली लकड़ी की चिराई करना वन अधिनियम का उल्लंघन है। विभाग लगातार ऐसे अवैध कारोबार पर नजर रख रहा है। स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि अवैध लकड़ी कटाई या चिराई की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com






## राजद विधायक ने लालू यादव की तुलना अंबेडकर से की



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के 79वें जन्मदिन पर बोधगया में जश्न का माहौल रहा है। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। पूर्व कृषि मंत्री सह बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत के निजी आवास पर राजद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर लालू यादव का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर समर्थकों के बीच मिठाइयां बांटी गईं और लालू यादव की लंबी आयु की कामना की गई।

**लालू यादव को सामाजिक न्याय का मसीहा बताया**: विधायक कुमार सर्वजीत ने लालू प्रसाद यादव को सामाजिक न्याय का मसीहा बताते हुए कहा कि लालू यादव ने देश के गरीबों, पिछड़ों और वंचितों को आवाज दी है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सत्ता के गलियारों में सम्मान और ताकत देने का काम सिर्फ उन्होंने ही किया। जश्न के बीच, पिछले कुछ घंटों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। इस वीडियो में राजद को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर विधायक कुमार सर्वजीत ने कड़ी नाराजगी जताई। विधायक ने साफ तौर पर कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है और एक साजिश के तहत भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि मैंने राजद को लठैतों की पार्टी नहीं कहा है।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने स्कूटी को उड़ाया, लोग बोले- नो-एंट्री में तेज रफ्तार में दौड़ते हैं ट्रैक्टर





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के विष्णुपद थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार युवक बाल-बाल बच गया, जबकि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर हंगामा करते हुए अवैध बालू कारोबार और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। घटना अशोक विहार कॉलोनी मस्जिद के पास हुई। केंदुआ निवासी सुनील कुमार गुरुवार को स्कूटी से जा रहे थे, तभी नो-एंट्री क्षेत्र में तेज गति से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था।

**100 मीटर तक घिसटती गई इलेक्ट्रिक स्कूटी**: टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सड़क पर दूर तक घिसटती चली गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, सुनील कुमार समय रहते स्कूटी से अलग होकर दूर जा गिरे, जिससे उनकी जान बच गई।

**हादसे को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर को लोगों ने पकड़ा**: हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। उन्होंने ट्रैक्टर को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। हालांकि, इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। बाद में ट्रैक्टर को विष्णुपद थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना में बाल-बाल बचे सुनील कुमार ने बताया कि यदि वह कुछ सेकंड भी देर कर देते तो उनकी जान नहीं बचती। उन्होंने कहा कि भगवान का शुक्र है कि वह स्कूटी से दूर जाकर गिरे, नहीं तो ट्रैक्टर के नीचे आ जाते। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बालू का कारोबार खुलेआम चल रहा है।

**लोगों ने कहा- दर्जनों ट्रैक्टर नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करते हैं**: लोगों का कहना है कि दिन के उजाले में ही दर्जनों ट्रैक्टर बालू लेकर सड़कों पर दौड़ते हैं और कई बार नो-एंट्री के नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस छोटी-छोटी बातों पर वाहन चालकों का चालान काटती है, लेकिन अवैध बालू परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि साकेत कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा नो-एंट्री लागू किए जाने के बावजूद बालू माफिया नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध बालू का परिवहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि इस दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक ट्रैक्टर के आगे गिर जाता तो उसकी जान भी जा सकती थी। उन्होंने प्रशासन से अवैध बालू कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कदम उठाने की मांग की। वहीं, विष्णुपद थाना अध्यक्ष परमानन्द लाल कर्ण ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर द्वारा स्कूटी में टक्कर मारने की घटना सामने आई है। हादसे में स्कूटी क्षतिग्रस्त हुई है।

**100 मीटर तक घसीटा**



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे मे वृद्ध महिला समेत तीन घायल, एक की स्थिति चिंताजनक

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के गोविंनापुर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर गुरुवार को अज्ञात पिकअप ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी जिसमें दो महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायलहो गए। घायलों में 60 वर्षीय वृद्ध महिला गौरी देवी व 25 वर्षीय पप्पू सिंह तथा उनकी पत्नी संतोषी कुमारी शामिल है, ये सभी ग्राम गोविंनापुर थाना कोचस के बताए गए हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि पप्पू सिंह अपने माता और पत्नी के साथ ई रिक्शा पर सवार हो कोचस निजी कार्य से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिसमें ई रिक्शा सड़क पर पलट गया और लोग बुरी तरह घायल हो गए, स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ विकास कुमार ने पप्पू सिंह के पैर हाथ चेहरे और सर में गंभीर चोट आने की वजह से बेहतर इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है, जबकि पत्नी और मां के उपचार उपरांत स्थिति सामान्य होने के बाद घर भेज दिया गया है।

### दिनारा पुलिस ने एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार

**दिनारा /रोहतासः** जिले में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत दिनारा पुलिस ने एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया । गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परानपुर गांव में छापेमारी की और आरोपी को धर दबोचा । गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अरुण कुमार पांडेय के रूप में हुई है । तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया गया । बरामदगी के बाद पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाना पहुंची,जहां आवश्यक पूछताछ की गई । इस मामले में दिनारा थाना में कांड संख्या -253/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट तहत प्राथमिकी दर्ज की गई । जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों और अपराधी तत्वों के खिलाफ पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी तथा आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है । पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध हथियार रखने वालों में हड़कंप मचा हुआ है,जबकि आम लोगों ने इसे कानून-व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया है ।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को रसायनमुक्त कृषि के प्रति जागरूकता अभियान

**बिक्रमगंज /रोहतासः** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को रसायनमुक्त कृषि के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी 18 जून को कृषि विज्ञान केंद्र (केविके) बिक्रमगंज के धनगाई स्थित शैक्षणिक प्रक्षेत्र में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । यह कार्यशाला अपराह्न 11 बजे से प्रारंभ होगी । कार्यक्रम का आयोजन निदेशक बामेती बिहार पटना के पत्रांक 171/बामेती/2026/1706 दिनांक 6 जून 2026 के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा रोहतास के निर्देश पर किया जा रहा है । कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान, कृषि विशेषज्ञ,कृषि विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग भाग लेंगे । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व,इसके आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के उपायों की विस्तृत जानकारी देना है । साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा,जिससे खेती की लागत घटे और मिट्टी की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य का भी संरक्षण हो सके ।केविके बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार जलज ने बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता बन चुकी है । यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को भी मजबूत करती है । उन्होंने जिले के अधिक से अधिक किसानों से कार्यशाला में भाग लेकर प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों और लाभों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है ।

### पेट्रोल पंप से बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**करगहर (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के गोरी गांव स्थित एक पेट्रोल पंप से बाइक चोरी के मामले में करगहर पुलिस ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजने की तैयारी कर रही है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि करीब दो सप्ताह पूर्व गोरी गांव स्थित पेट्रोल पंप से एक बाइक चोरी होने की घटना सामने आई थी। मामले की जांच के दौरान गोरी गांव निवासी रोशन कुमार (पिता- शिव नारायण सिंह) को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी और तकनीकी जांच के आधार पर गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

### कुरसेला के बैंक ऑफ इंडिया में घुसा जहरीला सर्प, कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**कुरसेला (कटिहार)** : प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में गुरुवार की शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब बैंक परिसर में एक जहरीला सर्प घुस आया। अचानक सांप दिखाई देने से बैंक कर्मचारियों और बैंक परिसर मे मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि स्थानीय लोगों और बैंक कर्मियों की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई। बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि बैंक बंद करने की प्रक्रिया चल रही थी। जैसे ही शटर गिराने का प्रयास किया गया, उसी दौरान शटर के पास से एक जहरीला सर्प नीचे गिर गया और तेजी से बैंक के अंदर की ओर बढ़ने लगा। सांप को देखते ही कर्मचारियों में दहशत फैल गई। इसके बाद बैंक कर्मियों ने काफी मशक्कत करते हुए झाड़ू की मदद से उसे बैंक परिसर से बाहर निकाला। वहीं बैंक के नीचे स्थित दुकानदार युधिष्ठिर कुमार ने बताया कि बैंक की पहली मंजिल से शोर-शराबे की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने ऊपर जाकर देखा तो एक जहरीला करैत सांप सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था। उस समय नीचे काफी भीड़भाड़ थी और लोग लगातार आ-जा रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने एक डंडे की सहायता से सांप को नियंत्रित किया और सुरक्षित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे स्थित नाले तक पहुंचा दिया। सर्प को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाने के बाद बैंक कर्मियों, ग्राहकों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

### एनएच-31 पर दो सड़क हादसे, हाईवा पलटी, बाइक सवार दो युवक गंभीर

**कुरसेला (कटिहार)ः** कुरसेला थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। ट्रक दुर्घटना में चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार, एनएच-31 पर तेज गति से जा रही एक हाईवा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ट्रक में सवार चालक और उपचालक सुरक्षित बच निकले, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। वहीं दूसरी घटना में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में खगड़िया जिले के निवासी 25 वर्षीय शहबाज खान एवं 24 वर्षीय आबिद हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसेला पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ड्यूटी पर जाते समय सड़क हादसे में एएनएम की मौत, बेटा गंभीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। करगहर थाना क्षेत्र के कोनार-जगदतपुर पथ पर पीपरा खुर्द गांव के समीप बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक एएनएम की मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान डुमरा गांव निवासी निभा कुमारी के रूप में हुई है, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर में संविदा पर कार्यरत थीं और स्वास्थ्य उपकेंद्र बभनी में अपनी सेवाएं दे रही थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निभा कुमारी अपने पुत्र कौशल कुमार के साथ बाइक से स्वास्थ्य उपकेंद्र बभनी ड्यूटी के लिए जा रही थीं। इसी दौरान पीपरा खुर्द गांव के समीप अचानक एक हिरण सड़क पर आ गया। हिरण को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में मां-बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद निभा कुमारी की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन वाराणसी ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं उनके पुत्र कौशल कुमार का इलाज जारी है और उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

निभा कुमारी के निधन की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में भी शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मियों ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और समर्पित स्वास्थ्यकर्मी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## एएनएम की असामयिक मौत से स्वास्थ्य विभाग में शोक, सीएचसी करगहर में श्रद्धांजलि सभा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। सड़क दुर्घटना में एएनएम की दुखद मौत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करगहर में गुरुवार को शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

शोकसभा की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविकांत केसरी ने की, जबकि संचालन डॉ. नवनीत कुमार ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने दिवंगत एएनएम के कार्यों को याद करते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहती थीं और स्वास्थ्य उपकेंद्र बभनी में नियमित रूप से सेवाएं प्रदान कर क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। वक्ताओं ने कहा कि उनकी असमय मृत्यु से स्वास्थ्य विभाग को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी कार्यनिष्ठा, सादगी और व्यवहार-कुशलता हमेशा सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

श्रद्धांजलि सभा में बीएचएम रितेश कुमार, मानसी सिंह, विनीता कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी, नंदू कुमार पांडेय, विनोद कुमार गुप्ता समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

## पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल होगा कम, मार्च 2027 तक करें आवेदन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बिक्रमगंज /रोहतास : आम उपभोक्ताओं को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने और बिजली खर्च में राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है । इस योजना तहत उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं,बल्कि लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं ।

विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि यह योजना आम उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत ही लाभकारी होने के साथ-साथ भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी काफी महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सोलर संयंत्र लगाने पर आकर्षक अनुदान (सब्सिडी) उपलब्ध कराया जा रहा है,जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ काफी कम हो जाएगा ।प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि मार्च 2027 निर्धारित की गई है । इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें । उन्होंने जानकारी दी कि योजना तहत 1 किलोवाट सोलर संयंत्र पर 30,000, 2 किलोवाट पर 60,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है । इससे उपभोक्ता कम लागत में अपने घरों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे । उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए बैंकों द्वारा लगभग 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है । ऋण भुगतान की अवधि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय की गई है । शहरी क्षेत्रों में ऋण की वसूली 4 से 5 वर्षों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जाएगी । उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के आधार पर उपयुक्त क्षमता वाले सोलर संयंत्र का चयन कर सकते हैं । 150 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक खपत वालों के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर संयंत्र उपयुक्त माना गया है ।

उन्होंने कहा कि सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है । यदि बिजली उत्पादन उपभोक्ता की आवश्यकता से अधिक होता है,तो अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजित कराया जा सकता है । इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा । सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट स्थान की आवश्यकता होती है । उचित रखरखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक प्रभावी रूप से कार्य कर सकते हैं । इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा ।

## दो कुश की मकान मे लगी आग मे सबकुछ जला, मुआवजे की उठी मांग

♦ चरवाही के लिए लिये गए 40 हजार रुपया जला, गरीब परिवार पर टूटा दुखो का पहाड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुछिला गांव में बीती रात दो घरों में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें दोनों घर में कुल 50 हजार रुपए नगद के साथ खाने पीने तथा पहनने के कपड़े सहित अन्य सामान जलकर लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

इसकी जानकारी देते हुए कुछिला पंचायत के मुखिया दामोदर सिंह ने बताया कि बीती रात विद्युत शार्ट सर्किट से गांव के सुनील राम और जवाहर राम के घर आग लग गई जिसमें सब कुछ जलकर राख हो गया, सुनील राम के घर में लगी आग मे 10 हजार रुपए कैश के साथ खाने का अनाज मोबाइल, बर्तन, बिछावन, पहनने के कपड़े, जरूरी के कागजात के साथ आसियाना भी जल कर राख हो गया। जबकि जवाहर राम के घर मे चरवाही करने के लिए गए 40 हजार के साथ कपड़ा, अनाज, बर्तन, बिछावन, मवेशी चारा, जरूरी के कागजात सहित अन्य सामान जल कर राख हो गया है। वही पीड़ित परिवार ने आगजनी मे सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजे की मांग की है। बताया जाता है कि दोनों बहुत गरीब परिवार से आते है और फुश की बनी हुई झोपड़ी में अपने जीवपार्जन कर रहे थे, अब घर जलने के बाद बस खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर है। वही कोचस अंचला अधिकारी विनीत व्यास ने बताया कि पीड़ित परिवारों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है घटना स्थल पर पहुंच जांच कर ली गई है, सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजे पीड़ित परिवार को प्रदान की जाएगी।

## नालंदा यूनिवर्सिटी में पुरातत्व में एमए, पीएचडी में एडमिशन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित

दो वर्षीय होगा आवासीय कोर्स



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पुरातत्व विषय में एमए और पीएचडी कार्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐतिहासिक मगध क्षेत्र में स्थित यह विश्वविद्यालय छात्रों को दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया की सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत को गहराई से समझने का अवसर दे रहा है। पुरातत्व में मास्टर प्रोग्राम एक दो वर्षीय पूर्णकालिक आवासीय कोर्स है, जिसे चार सेमेस्टर में बांटा गया है। इस कोर्स का मुख्य फोकस किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण पर है। छात्रों को आर्कियोलॉजिकल सर्वे, वैज्ञानिक उत्खनन, पुरावशेषों के वर्गीकरण, डिजिटल मैपिंग, डेटिंग तकनीक और डेटा विश्लेषण में अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**देश-विदेश के विशेषज्ञ देंगे व्याख्यानः** पाठ्यक्रम में फील्ड आर्कियोलॉजी, प्रीहिस्ट्री, डिजिटल आर्कियोलॉजी, बौद्ध पुरातत्व, और पर्यावरण पुरातत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए कोर्स की जरूरत के अनुसार देश और विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों व संस्थानों से विषय विशेषज्ञों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यह कोर्स छात्रों को पेशेवर पुरातत्वविद् बनने और 'सांस्कृतिक विरासत प्रबंधन' के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए तैयार करेगा।

## नालंदा में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान शुरू



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, नालंदा की ओर से विशेष महा जनसंपर्क अभियान का शंखनाद किया गया है। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता और नेता शहर से लेकर सुदूर गांवों तक घर-घर दस्तक देंगे और आम लोगों को मोदी सरकार के 12 साल के ऐतिहासिक काम, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएंगे। अभियान के पहले दिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नालंदा के विभिन्न मंडलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। अभियान की कड़ी में अस्थावां विधानसभा के बिंद मंडल में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी बलराम मंडल ने खुद प्रवास कर जनसंपर्क की कमान संभाली। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 12 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं, जो आज धरातल पर साफ दिखाई दे रहे हैं।

**सांस्कृतिक तीर्थस्थलों में भव्य कॉरिडोर का निर्माण कराया:** केंद्र सरकार ने जहां एक तरफ देश के करोड़ों गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराया, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख मंदिरों और सांस्कृतिक तीर्थस्थलों में भव्य कॉरिडोर का निर्माण कराकर देश की सनातन धर्म और संस्कृति को वैश्विक गौरव दिलाया है। उन्होंने कहा कि आज गांवों से लेकर शहरों तक सड़कों का जाल बिछ चुका है और हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी शैलेंद्र कुमार, जिला मंत्री योगेंद्र मंडल और मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**घर-घर जाकर केंद्र सरकार के कामकाज की दी जानकारीः** वहीं दूसरी ओर, इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एकंगरसराय नगर, खुदागंज और इस्लामपुर नगर मंडलों में पूर्व प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा ने जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दुकान-दुकान और घर-घर जाकर केंद्र सरकार के कामकाज का पत्रक बांटा। इस मौके पर जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, सौरव जैन, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, वरुण कुमार और सत्येंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त राजगीर विधानसभा के पावापुरी और गिरियक मंडलों में अनुसूचित मोर्चा आयोग के सदस्य संजय रविदास ने प्रवास कर महा जनसंपर्क अभियान को गति दी और लोगों से केंद्र सरकार की नीतियों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की।

# नालंदा के 9800 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को मिलेगा मुफ्त सोलर, डीएम ने जारी किया निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा में 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के सफल और तीव्र क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। आगामी 14 जून को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत किए जाने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। योजना के अंतर्गत नालंदा के कुल 9800 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर मुफ्त 1.1 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल इंस्टॉल करने का टारगेट तय किया गया है, जिसे आगामी 10 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाना है। इस पूरे कार्य को निष्पादित करने की जिम्मेदारी कार्यकारी एजेंसी मेसर्स सेन एंड पंडित वोल्टेज कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई है।

**डीएम ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जारी किया विशेष निर्देशः** योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला पदाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को एक विशेष निर्देश जारी किया है। इसके तहत जिले के सभी दलित टोलों में रहने वाले कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं की सूची अविलंब उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि लक्षित वर्ग के अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस कल्याणकारी योजना से जोड़ा जा सके। वहीं, इस परियोजना को स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन से जोड़ते हुए जिलाधिकारी ने श्रम अधीक्षक को भी निर्देशित किया है कि वे जिले में उपलब्ध कुशल श्रमिकों, आईटीआई और डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों की सूची तैयार कर मुहैया कराएं। इन युवाओं को योजना से संबद्ध कर जहां एक तरफ क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे, वहीं दूसरी तरफ सौर ऊर्जा पैनल लगाने के कार्य को भी तीव्र गति दी जा सकेगी।

**जीविका दीदियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्णः** इस महत्वाकांक्षी अभियान में जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनका सहमति पत्र प्राप्त करने में जीविका दीदियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जीविका का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने डीपीएम को निर्देशित किया कि आने वाले समय में भी जीविका दीदियों के माध्यम से इस कार्य में विशेष सहयोग जारी रखा जाए। इसके साथ ही, काम की रफ्तार बढ़ाने के लिए कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि को सख्त हिदायत दी गई है कि वे पर्याप्त मात्रा में मैनपावर और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। एजेंसी को मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम से पहले, यानी 14 जून से पूर्व कम से कम 50 घरों पर सोलर पैनल लगाने का कार्य हर हाल में पूर्ण करने का टास्क दिया गया है।

परियोजना की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को भी कड़े निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि वे कार्यकारी एजेंसी द्वारा लगाए गए श्रम और संसाधनों का प्रतिदिन गहन पर्यवेक्षण करें। जिला प्रशासन के सहयोग से इस पूरी परियोजना को तय समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, कार्य की हर दिन की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट ससमय जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि इस पूरी व्यवस्था की कमान कड़ाई से संभाली जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### विवि में स्थायी कुलपति की मांग, राज्यपाल को पत्र

**भागलपुर** | भाजपा के पूर्व विधान परिषद प्रत्याशी रंजन सिंह ने राज्यपाल-सह-कुलाधिपति को पत्र भेजा है। उन्होंने टीएमबीयू में जल्द स्थायी कुलपति नियुक्त करने की मांग की है। रंजन सिंह ने लिखा है कि लंबे समय से स्थायी कुलपति नहीं होने से शैक्षणिक सत्र में देरी हो रही है। प्रशासनिक कामकाज ढीला पड़ा है। कर्मचारियों और शिक्षकों से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। विवि प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि स्थायी नेतृत्व से फैसले तेज होंगे। कामकाज की जवाबदेही तय होगी। एक शिक्षाविद ने कहा कि नियुक्ति में देरी से अकादमिक कैलेंडर पटरी से उतरता है। एक छात्र ने कहा कि समय पर परीक्षा और परिणाम सबसे जरूरी हैं। रंजन सिंह ने पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी भेजी है। उन्होंने पूछा है कि अब क्या जल्द निर्णय होगा।

### एमबीए में पेमेंट नहीं, टीएमबीयू से लौटी फाइल

**भागलपुर**| टीएमबीयू के एमबीए विभाग में कार्यरत शिक्षक और कर्मचारी पिछले 10 महीनों से मानदेय संकट से जूझ रहे हैं। अगस्त 2025 से भुगतान न होने के कारण कर्मियों में भारी नाराजगी है। अधिकांश कर्मियों की संविदा अवधि पिछले साल 11 अक्टूबर को ही समाप्त हो चुकी है, लेकिन उनसे अब भी नियमित रूप से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य कराए जा रहे हैं। विभाग से भेजी गई फाइलें हर बार अतिरिक्त जानकारी मांगकर वापस लौटा दी जाती हैं। समस्या के समाधान के लिए फरवरी में गठित सलाहकार समिति की अनुशंसाओं पर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एमबीए एक सेल्फ फाइनेंस कोर्स है, जिसमें प्रति छात्र 1.13 लाख रुपये शुल्क निर्धारित है।

### गांधी शांति प्रतिष्ठान में आज मनेगा केदार-जयप्रकाश स्मृति दिवस

**भागलपुर**| गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र में केदार-जयप्रकाश स्मृति दिवस पर 11 जून को कार्यक्रम होगा। आयोजन प्रतिष्ठान के सभा भवन शुरू होगा। भागलपुर प्रमंडल के दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ताओं को याद किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वधर्म प्रार्थना होगी और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, उद्देश्य सामाजिक सेवा और जनहित के लिए काम करने वाले लोगों के योगदान को रेखांकित करना और नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। प्रतिष्ठान अध्यक्ष प्रकाशचंद्र गुप्त ने नागरिकों और सामाजिक संगठनों से शामिल होने की अपील की है।

### कांवरियों के लिए 3000 बेड की टेंट सिटी बनेगी

**भागलपुर** । विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 30 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 28 अगस्त तक चलेगा। इस वर्ष मेले को भव्य, सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बुधवार को पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने भागलपुर, मुंगेर और बांका जिलों के जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बिहार से हर साल करीब 40 लाख से अधिक श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर (बाबाधाम) के लिए पैदल रवाना होते हैं। कांवरियों की इस भारी तादाद को देखते हुए प्रशासन विशेष इंतजाम कर रहा है। सुल्तानगंज के बाबा अजगैबीनाथ मंदिर से दुम्मा बॉर्डर तक पूरे मेला पथ को शिवमय बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए तीन जिलों के विभिन्न रूटों पर अत्याधुनिक टेंट सिटी बनाई जाएगी। इसकी क्षमता 3000 कांवरियों की होगी। वहीं भागलपुर में 25 वीआईपी सुविधायुक्त स्विस कॉटेज भी बनाए जाएंगे। बैठक में पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बार सुल्तानगंज के बाबा अजगैबीनाथ में 500 बेड की टेंट सिटी बनेगी। बांका जिले के अबरखा में 600 बेड, पहली बार धौरी में 200 बेड और गोड़ियारी में 250 बेड की व्यवस्था होगी। मुंगेर के खैरा में 200 बेड, धोबई में 200 बेड के साथ-साथ पहली बार असरगंज में 300 बेड, तारापुर में 200 बेड और संग्रामपुर में 200 बेड की टेंट सिटी बनेगी।

# दूल्हे को छोटी जाति का हवाला देकर घोड़ी से उतारा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर** । भागलपुर बायपास के पास दोगच्छी गांव में एक शादी के दौरान विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि घोड़ी पर सवार दूल्हे को उसकी जाति का हवाला देकर नीचे उतरने के लिए मजबूर किया गया। विरोध करने पर बारातियों के साथ मारपीट की गई और बाद में लड़की पक्ष के घर पर हमला कर तोड़फोड़ की गई। पीड़ितों का आरोप है कि शादी समारोह के लिए रखे गए खाने-पीने के सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही घर में रखे जेवरात, नकदी और अन्य सामान लूट लिए गए। दुल्हन के परिवार की ओर से बायपास थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ दिखाई दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुल्हन पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन के अनुसार, मंगलवार देर रात हबीबपुर से बारात दोगच्छी गांव पहुंची थी। इसी दौरान गांव के कुछ



लोगों ने बारात को रोक दिया और दूल्हे राशिद को घोड़ी से उतारने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान जाति सूचक टिप्पणियां भी की गईं। दुल्हन के परिजन के अनुसार, सूचना मिलने पर स्थानीय लोग और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कुछ देर के लिए मामला शांत हो गया। हालांकि करीब आधे घंटे बाद आरोपी पक्ष दोबारा पहुंचा और लड़की पक्ष के घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की। दूल्हे राशिद ने बताया कि मैं बग्घी पर सवार होकर शादी में बारातियों के साथ जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग आए और पहले गाजे-बाजे को रुकवा दिया। इसके बाद मुझे रोका गया। जब मैंने बैंड बंद करने और मुझे रोकने का कारण पूछा तो उन्होंने मुझे बग्धी से नीचे उतरने के लिए कहा। मुझे रोके जाने और बैंड बंद कराने की सूचना पर तत्काल लड़की पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और मुझे किसी तरह पहले शादी वाली जगह तक पहुंचाया। मैं शादी के लिए अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ बैठा था, इसी दौरान 8-10 लोग लाठी-डंडों के साथ वहां पहुंच गए और बिना कुछ कहे हम लोगों पर हमला शुरू कर दिया। घटना के दौरान डायल-112 को मेरे परिवार की ओर से तत्काल सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद सुरक्षा के बीच विवाह की रस्में पूरी कराई गईं और बारात को वापस रवाना किया गया। हबीबपुर के रहने वाले राशिद ने बताया कि मेरे साथ मारपीट के बाद आरोपियों ने शादी में बारातियों के लिए लगा खाना भी गिरा दिया गया और बारातियों के बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियों को भी तोड़ दिया गया। इसके अलावा, घटना के दौरान लड़की के घर में रखे सोने-चांदी के ज्वेलरी, कैश और अन्य कीमती सामान भी लूट लिए गए।


## आवश्यकता

बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 की धारा 68वीं एवं धारा 44 क फ (घ) के तहत प्रदत शक्तियों के आलोक मे निबंधक सहयोग समितिया बिहार पटना का पत्रांक 328/ पटना दिनांक 13.01.2023 के अनुपालन में बेला प्राथमिक कृषि साख सहयोग लि के कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 15/5/2026 (प्रस्ताव सं 2) में अंगीकृत सेवा नियमावली के तहत प्रबंधक की भर्ती का विज्ञापन सं0 1/2026 निर्गत किया जाता है।

| क्रम सं. | पद का नाम | रिक्ति की संख्या | कोटि | अनारक्षित | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रबंधक | 01 | 01 | अनारक्षित | |

**1. नियुक्ति की प्रक्रिया :-**
(क) चयन समिति के अनुशंसा के आलोक में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। (योग्यता वं साक्षात्कार)
(ख) वेतन /पारिश्रमिक /भता का निर्धारण एवं भुगतान पैक्स की प्रबंध समिति द्वारा किया जायेगा। अगर समिति लाभ में होगी।
(ग) आवेदन निबंधित डाक से या हाथों हाथ पैक्स के पता के पर किया जाएगा।
(घ) आवेदन करने की तिथि ...... विज्ञापन प्रकाशन होने के 7 दिनों के अंदर का मान्य होगा।

**2. न्यूनतम योग्यता**
(1) आवेदक की शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा में उतीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर में प्रशिक्षित (Tally) के साथ ।
(2) मेधावी एवं अनुभवी अभयर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

**3. पात्रता एवं अन्य शर्त**
(i) दिनांक 11.06.2026 को आवेदक की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होगी।
(ii) अभ्यर्थी मानसिक एवं शरीरिक रूप से स्वस्थ हो
(iii) पूर्व के सेवा में गबन का अरोपी न हो तथा आर्थिक अथवा किसी अपराध का आरोपी न हो।
(iv) प्रबंध समिति के किसी सदस्य अथवा अध्यक्ष का निकटतम संबंधी परिवार न हो।
(v) चरित्र प्रमाण पत्र मुखिया या सरपंच द्वारा निर्गत हो
(vi) आवेदक पंचायता सम्बधित प्रखण्ड का स्थायी निवासी हो।
(vii) चयनित अभ्यर्थी को पाँच हजार रूपये की राशि प्रतिभूति (Security) समिति में जमा करना होगा।
(Viiii) अभ्यर्थी सभी शैक्षिणिक तथा अन्य कागजातों को स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्नक के साथ साक्षात्कार के समय मूल रूप से साथ लाएगें।

**अरुण कुमार**
**प्रबंधक**
पैक्स बेला
प्रखंड + जि.
औरंगाबाद

**हेम लता मौर्या**
**अध्यक्ष**
पैक्स बेला
प्रखंड + जि.
औरंगाबाद

**निवेदक**
**प्रबंध समिति**
पैक्स बेला
प्रखंड + जि.
औरंगाबाद


### जीरो माइल पर चला बुलडोजर

**अररिया** । अररिया जिले में जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे जीरो माइल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-327 ई के किनारे बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई अररिया के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की निगरानी में हुई। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारी, सदर एसडीओ, प्रभारी डीटीओ, सदर अंचल अधिकारी और दर्जनों पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। प्रशासन की टीम ने अतिक्रमणकारियों द्वारा बनाए गए पक्के निर्माणों और दुकानों को पूरी तरह हटा दिया। कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपना सामान हटाकर जगह खाली कर दी। जिला प्रशासन के अनुसार, जीरो माइल क्षेत्र में एनएच-327 ई के किनारे लंबे समय से अवैध कब्जे बढ़ रहे थे। दुकानें, घर और अन्य निर्माण सड़क की चौड़ाई पर अतिक्रमण कर रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और भविष्य में बड़े हादसों की आशंका बढ़ रही थी। सड़क की सुरक्षा, यातायात की सुगमता और सार्वजनिक हित को देखते हुए यह कार्रवाई आवश्यक हो गई थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है। एक स्थानीय व्यापारी ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो रही थी, और अब सड़क साफ हो जाएगी। हालांकि, कुछ अतिक्रमणकारियों ने नाराजगी व्यक्त की, लेकिन अधिकांश ने चुपचाप अपने सामान हटाना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी। एनएचएआई अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा और सुविधा के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण था।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**
**ई–निविदा नोटिस सं०–21 ऑफ 2026–27/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सं०–27–डीडीयू– मं०इंजी० – मुख्यालय – 26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में अधीनस्थ विश्राम गृह का निर्माण। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 21172410.89, **धरोहर राशि :** ₹ 423500.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 30.06.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in
**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।
**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/0379/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/26–27/32**

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआईबी-केकेएई-केएलएनटी-26, दिनांक 10.05.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआईबी-केकेएई-केएलएनटी-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख: 06.07.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय अनुभागों के कोलकाता, कालीनगर, नवग्राम स्टेशनों में टीआईबी का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,85,42,396.29; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 3,70,900; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 9 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 22.06.2026।
(HWH-146/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-79-26-27 (ओपन), दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस सं.: ओ-एसी-टी-79-26-27; कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में अंडाल-सांइथिया, देवघर-दुमका, मोहनपुर-हांसडीहा, अंडाल-बाराबानी एवं मधुपुर-गिरिडीह अनुभागों में 10000 से अधिक टीवीयू वाले एलसी गेटों की इंटरलॉकिंग के लिए गेट बिल्डिंग, रिले हट के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,95,32,655.25। **बयाना राशि:** रु. 13,90,700; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 9 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.07.2026 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-133/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### खरीफ महाभियान में किसानों को दी गई उन्नत खेती और नई तकनीकों की जानकारी

**बेगूसराय** । कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण, बेगूसराय कृषि विभाग द्वारा प्रखंड बेगूसराय सदर में प्रखंड स्तरीय शारदीय (खरीफ) महाभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों व विशेषज्ञों ने खेती की नई तकनीक व उन्नत खेती को लेकर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक ने धान की नवीन एवं उन्नत किस्मों के उपयोग के साथ-साथ आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण से खेती की लागत में कमी आती है। समय की बचत होती है। किसानों की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की विभिन्न शाखाओं से जुड़े पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा शारदीय (खरीफ) मौसम में संचालित की जाने वाली योजनाओं, अनुदान कार्यक्रमों, तकनीकी हस्तक्षेपों तथा किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। इस अवसर पर जिला जेडीयू के जिला अध्यक्ष नंदलाल राय जी, प्रधान वैज्ञानिक खोदावंदपुर डॉ. रामपाल, उप प्रमुख आनंद राज, आत्मा अध्यक्ष रामाशीष राय, लक्ष्मी देवी पंचायत समिति सदस्य राजौरा, देवेन्द्र सिंह पंचायत समिति सदस्य, अमरौर किरतपुर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रीति कुमारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सिद्धार्थ गौतम, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजू कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक अन्नु कुमारी, सभी कृषि समन्वयक व किसान कार्यक्रम में भाग लिए।

### वर्चस्व के लिए गोलीबारी, एक घायल

**बेगूसराय** । बेगूसराय में बुधवार रात वर्चस्व को लेकर फायरिंग हुई। गोलीबारी में एक युवक के पैर में गोली भी लगी है। मौके से 8 खोखे और 2 कारतूस भी पुलिस ने बरामद किए है। मामले में पुलिस ने बेगूसराय प्रखंड प्रमुख के पति सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। एक पक्ष ने आरोप लगाया है कि हम लोगों से 5 लाख रुपए रंगदारी मांगी गई है। करीब 50 राउंड फायरिंग की। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि 100 राउंड गोलियां चली है। हालांकि गोलियां कितनी चली है ये पुलिस ने अभी क्लियर नहीं किया है। मामला लोदीपुर शाहपुर गांव का है। एक पक्ष के राजू कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर प्रखंड प्रमुख पल्लवी कुमारी के ससुर पप्पू ठाकुर ने घर पर आकर लड़ाई करने की धमकी दी थी। जिसका सीसीटीवी भी उपलब्ध है। उस समय हम लोगों को लगा कि कुछ खास बात नहीं होगा। पप्पू 10 साल जेल में रह चुका है, उसके दोनों बेटे भी अपराधी है। देर शाम करीब 7:30 बजे जब मेरे पिता रामबालक सिंह घर में बैठे हुए थे। तभी पप्पू ठाकुर का बेटा और प्रखंड प्रमुख पल्लवी कुमारी के पति राहुल सहित अन्य आकर मारपीट करने लगे।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**
बिहार सरकार
(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)
अल्पकालीन पूर्ननिविदा
निविदा संख्या–03 / 2026–27

वर्ष–2026 में संभावित बाढ़ / सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

उल्लेखनीय है कि अल्पकालीन निविदा संख्या–01 / 2026–27 एवं निविदा संख्या–02 / 2026–27 पूर्व में आमंत्रित की गई थी जिसकी अंकित तिथि–29.05.2026 निर्धारित थी। दिनांक–15.05.2026 को नवबिहार टाइम्स, पेपर, औरंगाबाद में सूचना प्रकाशित की गई थी लेकिन एक भी निविदादाताओं द्वारा निविदा दाखिल नहीं किए जाने की स्थिति में अल्पकालीन पुर्न निविदा संख्या–03 / 2026–27 प्रकाशित की जा रही है। निविदा संख्या–02 / 2026–27 का PR No-003162 (Disaster) 2026-27

निविदादाताओं को मो0–20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसूचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो–हाथ या डाक के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–23.06.2026 के अप0–03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अप0–03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 005587 (Disaster) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/06 दिनांक- 11.06.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**
**[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)] परीक्षाफल से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE / PM / PMM)]-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों, सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.05.2026 एवं 24.05.2026 को आयोजित डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE / PM / PMM)]-2026 के पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट **bceceboard.bihar.gov.in** पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of DCECE (PE / PM / PMM)-2026" Link पर Click करें। तत्पश्चात् एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों का Rank Card Download करने हेतु अलग-अलग निम्नलिखित link हैं;
- View / Download Rank card of DCECE(PE)-2026
- View / Download Rank card of DCECE(PM)-2026
- View / Download Rank card of DCECE(PMM)-2026 प्रदर्शित होगा।

अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम समूह के अनुसार उपरोक्त संबंधित link पर click करने के बाद अपना Roll No. एवं जन्म तिथि डालकर अपना Rank Card Download कर प्राप्त कर लें।

3. DCECE (PE / PM / PMM )-2026 की Online Counselling कार्यक्रम की सूचना पर्षद के वेबसाईट पर बाद में प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी पर्षद के वेबसाईट के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-04/26-27 (खुली), दिनांक 09.06.2026 (जोनल निविदा)। मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कंचरापाड़ा कारखाना, उत्तर 24 परगना, डाकघर कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पवं) द्वारा दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक की जोनल अवधि के लिए मंडल डाउन अभियंता/कांचरापाड़ा वर्कशॉप के अधीन किए जाने वाले मरम्मत/रखरखाव कार्यों के लिए नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन हेतु विशेषकर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले समतुल्य प्रकृति के कार्य निष्पादन करने का समुचित अनुभव तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए जोनल ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्रमांक 1; निविदा सं. डब्ल्यूटी-07-जोन-01-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/ईस्ट/केपीए के अधीन फोरमैन कॉलोनी में सेवा एवं आवासीय इमारतों जिसमें इंस्टीट्यूट, ईटखोला कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल, कांचरापाड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्टेडियम), एसटीसी एवं आरपीएफ बैरकें, आरएमपी स्कूल शामिल हैं के लिए साधारण मरम्मत, व्हाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 2; निविदा सं. डब्ल्यूटी-08-जोन-02-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/वेस्ट/केपीए के अधीन भूतबागान, एचएलआर कॉलोनी एवं इंस्टीट्यूट, ऑफिसर्स कॉलोनी, आमबागान कॉलोनी, ऑफिसर्स क्लब, रेस्ट हाउस, सीडब्ल्यूएम बंगलो के अधिकार क्षेत्र में सेवा एवं आवासीय इमारतों के लिए साधारण मरम्मत, व्हाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 3; निविदा सं. डब्ल्यूटी-09-जोन-03-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/केपीए के अधीन लोको शॉप, लोको शॉप कॉम्प्लेक्स के भीतर सभी क्षेत्रों एवं केपीए स्टोर में सेवा एवं कार्यालय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, व्हाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 4; निविदा सं. डब्ल्यूटी-10-जोन-04-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/केपीए के अधीन कैरेज शॉप, कैरेज कॉम्प्लेक्स के भीतर सभी क्षेत्रों, एचएलआर स्टोर में सेवा एवं कार्यालय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, व्हाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी का कार्य, सड़क कार्य (सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर) (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 के सभी चैप्टर एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 5; निविदा सं. डब्ल्यूटी-11-जोन-05-26-27, कार्य का विवरण :** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/केपीए के अधीन जोन सं. 1 से 4 तक के पुराने एवं न्यू फिल्टर हाउस, रिवर साइड पम्प हाउस में सेवा भवनों के लिए प्लम्बिंग तथा सैनिटरी कार्य सहित सम्पूर्ण प्लम्बिंग तथा सैनिटरी कार्य (i) सीएच. 17 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2023 में सैनिटरी एवं प्लम्बिंग कार्य एवं 18/यूएसएसओआर 2021 (जो लागू है)। **क्रमांक 6; निविदा सं. डब्ल्यूटी-12-जोन-06-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन फोरमैन कॉलोनी जिसमें इंस्टीट्यूट, ईटखोला कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल, कांचरापाड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्टेडियम), एसटीसी एवं आरपीएफ बैरकें, आरएमपी स्कूल शामिल हैं, में बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्कैपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **क्रमांक 7; निविदा सं. डब्ल्यूटी-13-जोन-07-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन डांगापाड़ा कॉलोनी एवं इंस्टीट्यूट, भूतबागान कॉलोनी, एचएलआर कॉलोनी एवं इंस्टीट्यूट, ऑफिसर्स कॉलोनी, आमबागान कॉलोनी, ऑफिसर्स क्लब, रेस्ट हाउस, सीडब्ल्यूएम बंगलो में बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्कैपिंग-2020 का सभी चैप्टर)। **क्रमांक 8; निविदा सं. डब्ल्यूटी-14-जोन-08-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन केपीएडब्ल्यू में लोको कॉम्प्लेक्स तथा केपीए स्टोर के भीतर बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्कैपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **क्रमांक 9; निविदा सं. डब्ल्यूटी-15-जोन-09-26-27, कार्य का विवरण :** एटीई/केपीए के अधीन केपीएडब्ल्यू में कैरेज कॉम्प्लेक्स तथा एचएलआर स्टोर के भीतर बगीचों, लैंडस्केप का रखरखाव एवं पौधा रोपण (डीएसआर हार्टिकल्चर एवं लैंडस्कैपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **जोनल कार्य का कुल अनुमानित मूल्य :** रु. 1,25,00,000/- (क्रमांक 1 से 4 के लिए), रु. 1,00,00,000/- (क्रमांक 5 के लिए) एवं रु. 12,50,000 (क्रमांक 6 से 9 के लिए)। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा :** रु. 2,50,000/- (क्रमांक 1 से 4 के लिए), रु. 2,00,000/- (क्रमांक 5 के लिए) एवं रु. 25,000 (क्रमांक 6 से 9 के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** सभी के लिए 30.06.2027 तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** सभी के लिए दिनांक 03.07.2026 को 14.30 बजे। कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेल ई-टेंडरिंग साइट (आईआरईपीएस) यानी **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि :** निविदा खुलने से 15 दिन पहले, इस अवधि के दौरान निविदादाता अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। प्रत्येक ई-टेंडरिंग के लिए निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार की जाएगी अथवा भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किए जा सकते हैं। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज की परिशिष्ट-XI के अनुसार होगी। टिप्पणी: निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) एवं डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदा दिनांक 03.07.2026 को 14.00 बजे बंद कर दी जाएगी एवं उसी दिन 14.30 बजे के उपरांत निविदा खोलने वाले कर्मियों तथा नेट की उपलब्धता के अनुसार खोली जाएगी। (MISC-72/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-18-6-सी-ई, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-18-6-सी-ई के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख: 06.07.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल - निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य - अनुसूची ए1 - एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन अनाधिकृत प्रवेश वाली जगह के स्थान पर पीटीएई-एजीएई स्टेशनों के बीच किमी. 89/21-23 पर गेट सं. 18/6/सी/ई में एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची ए2-एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन अनाधिकृत प्रवेश वाली जगह के स्थान पर पीटीएई-एजीएई स्टेशनों के बीच किमी. 89/21-23 पर गेट सं. 18/6/सी/ई में एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,83,79,480.65; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 3,67,600; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 22.06.2026।
(HWH-147/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीजी-40-बीडीसी, दिनांक 10.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीजी-40-बीडीसी के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख: 06.07.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल - निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य -अनुसूची ए1-एईएन/बीडीसी के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरएसएलआर-पीएलएई स्टेशनों के बीच किमी. 88/26-28 पर गेट सं. 40 में एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची ए2-एईएन/बीडीसी के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरएसएलआर-पीएलएई स्टेशनों के बीच किमी. 88/26-28 पर गेट सं. 40 में एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,31,16,173.25; **बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 2,62,300; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0; **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 22.06.2026। (HWH-148/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### 4 ग्राम हेरोइन के साथ अगिआंव से धंधेबाज गिरफ्तार, सरगना फरार

**गड़हनी ।** स्थानीय गड़हनी पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार ग्राम हेरोइन के साथ अगिआंव चकबंदी कार्यालय के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर मो सोनू अली सहार थाने के एकवारी गांव निवासी सईद अली का पुत्र है। लेकिन वर्तमान में अगिआंव ही रहता था थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान युवक के पास से चार ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उसकी तलाशी में एक इलेक्ट्रॉनिक छोटा तराजू और नगद सत्रह सौ रुपये मिले हैं। तस्कर हीरोइन कहा से ला रहा था और इसका मुख्य सरगना कौन है इसकी पता लगाया जा रहा है। स्थानीय सामाजिक चिंताः नई पीढ़ी पर असर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में हेरोइन बिक्री की शिकायतें उठाई हैं। ऐसी शिकायतें अपने-आप में अपराध सिद्ध नहीं करतीं, लेकिन पुलिस के लिए हॉटस्पॉट मैपिंग और निगरानी का आधार बन सकती हैं। यदि कई स्वतंत्र शिकायतें एक ही इलाके की ओर इशारा करें, तो वहां अतिरिक्त पेट्रोलिंग, मुखबिर तंत्र और लक्षित कार्रवाई बढ़ाई जा सकती है।

### एचआईवी संक्रमितों की होगी टीबी जांच

**आरा ।** एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों में टीबी की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। आगामी तीन महीनों के दौरान जिले में कैंप लगाकर सभी एचआईवी संक्रमित मरीजों (पीएलएचआईवी) की टीबी जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक एचआईवी संक्रमित व्यक्ति की नियमित स्क्रीनिंग कराई जाए। जांच और उपचार की सभी सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। अभियान का उद्देश्य केवल बीमारी की पहचान करना नहीं, बल्कि समय पर इलाज शुरू कर मरीजों की जान बचाना भी है। स्क्रीनिंग के दौरान मरीजों के वजन में लगातार कमी, रात में अत्यधिक पसीना आना, और थकान जैसे लक्षणों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी संदिग्ध मरीज में लक्षण मिलने पर चेस्ट एक्स-रे, सीबीनेट या ट्रूनेट जांच तथा बलगम जांच कराई जाएगी। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. अबसार अहमद ने बताया कि अभियान के तहत जिला टीबी केंद्र और एआरटी सेंटर के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। इसके तहत एचआईवी संक्रमित मरीजों की अनिवार्य टीबी जांच तथा टीबी मरीजों की एचआईवी जांच की जाएगी।

### 21 को वीकेएसयू के सभी कॉलेजों में लगेगा योग कैंप

**आरा ।** आरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) के सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ, वीकेएसयू की ओर से सभी महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। एनएसएस समन्वयक डॉ. साधना रावत द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में 21 जून को योग शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। पत्र में यह भी निर्देश दिया गया है कि योग शिविर से संबंधित फोटो एवं गतिविधियों का विवरण कार्यक्रम के उपरांत mybharat.gov.in पोर्टल पर अपलोड किया जाए। इसके लिए सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं एनएसएस इकाइयों को आवश्यक तैयारी करने को कहा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों से योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत 22 जून से 30 सितंबर तक पौधरोपण

**बक्सर ।** पर्यावरण संरक्षण और छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेवारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 22 जून 2026 से 30 सितंबर तक 'एक पेड़ मां के नाम-3.0' अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बक्सर जिला शिक्षा विभाग ने भी जिले के सभी विद्यालयों को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश भेज दिए हैं। जारी निर्देश के अनुसार, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत यह विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है। अभियान के दौरान विद्यालयों में पौधरोपण के साथ पर्यावरण संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 22 से 30 जून तक समर कैंप शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों को 22 जून से 30 जून तक ग्रीन समर कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया है। इस कैंप में मिशन लाइफ के सात प्रमुख विषयों पर गतिविधियां कराई जाएंगी। इनमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना, पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को बढ़ावा देना शामिल है। कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। विद्यालय, घर या सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण 'एक पेड़ मां के नाम-3.0' अभियान के तहत विद्यालय पौधरोपण का कार्य विद्यालय परिसर, घरों या उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों पर कर सकेंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं होगा। उनके संरक्षण और जीवित रखने की जिम्मेदारी भी विद्यालयों और विद्यार्थियों को निभानी होगी। इसके लिए विद्यालय स्तर पर निगरानी की व्यवस्था करने को कहा गया है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जिले के लिए पौधरोपण का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। विद्यालयों को स्थानीय परिस्थितियों और उपलब्ध स्थानों के अनुसार अधिक से अधिक पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने की पहल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है। यह विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति दीर्घकालिक जिम्मेदारी विकसित करने का प्रयास है। मिशन लाइफ के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने, संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने, पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विभाग ने सभी प्रधानाध्यापकों, प्राचार्यों और विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि अभियान को गंभीरता से लागू करें। अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इससे पर्यावरण संरक्षण का यह संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकेगा।

### भागवत कथा सभी मानस रोगों की दवा और कष्ट दूर करने का उपाय

**बक्सर ।** सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम, बक्सर की ओर से श्री रामेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित 18वें धर्म आयोजन के तहत बुधवार को आचार्य पौराणिक जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि मनुष्य मात्र को दो तरह के रोगों का भय होता है। पहला दैहिक रोग। दूसरा मानसिक रोग। देह भौतिक है। इसलिए दैहिक रोग का इलाज डॉक्टर को दिखाकर दवाइयों का सेवन करने से होता है। देह के रोग की पहचान की अनेक विधियां होती हैं। इन्हें देखकर, स्पर्श कर, जांच कर, और पूछकर जाना जा सकता है। इलाज की विधि-व्यवस्था करके रोग का निदान संभव है। मानस रोग ऐसे कष्टप्रद, भयंकर रूप में होता है कि इसकी दवा केवल धर्मशास्त्रों में ही है। आध्यात्मिक चिकित्सा ही एकमात्र उपाय है। यह मानस रोग हैं मोह, काम, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, द्वेष आदि। इनमें लोभ सभी पापों, अत्याचार, और अनीति की जननी है। लोभ भविष्य के लिए वर्तमान में जन्म लेने वाला वह कुविचार है, जो भूत, भविष्य, और वर्तमान तीनों को कलंकित कर देता है।

# आंधी-बारिश से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई बंद, टेम्प्रेचर में गिरावट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** बक्सर जिले में गुरुवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश से भीषण गर्मी व उमस से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ। सुबह करीब दो घंटे तक तेज हवाओं के साथ बारिश जारी रही। इस दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई और कई स्थानों पर यातायात भी प्रभावित रहा। पिछले कई दिनों से जिले में तेज धूप, उमस और लू का प्रकोप था, जिससे तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। गुरुवार सुबह हुई बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

**न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस :** मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के बाद अधिकतम तापमान में लगभग 6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे दिन का मौसम सुहावना हो गया। आंधी और बारिश का सबसे अधिक असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। तेज हवाओं के कारण जिले के कई इलाकों में बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए। बक्सर शहर के साथ-साथ डुमरांव, सिमरी, इटाढ़ी और ब्रह्मपुर क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। कई स्थानों पर तार टूटने और ट्रांसफॉर्मर में खराबी की सूचना मिली।

**बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी :** सुरक्षा के मद्देनजर आंधी शुरू होने से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त लाइनों और उपकरणों की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है, और जल्द ही आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। तेज आंधी के कारण जिले की प्रमुख सड़कों पर भी आवागमन में बाधा आई। बक्सर-पटना फोरलेन और बक्सर-चौसा मार्ग पर कई जगह पेड़ और बड़ी डालियां टूटकर सड़क पर गिर गईं। अर्जुनपुर मोड़ के पास फोरलेन पर एक बड़ा पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था।

**सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाया गया :** इसके बाद स्थानीय प्रशासन, एनएचएआई और संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाया गया, जिसके बाद यातायात को पुनः सामान्य किया जा सका। बारिश का असर केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिला। कुछ स्थानों पर कच्ची सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई, जबकि कई गांवों में बिजली आपूर्ति घंटों तक ठप रही। इसके बावजूद अधिकांश ग्रामीणों ने इस बारिश का स्वागत किया, क्योंकि लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में नमी की कमी बनी हुई थी।

# स्कार्पियो से 388.800 लीटर शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। विभाग की टीम ने बक्सर-पटना फोरलेन पर वाहन जांच के दौरान एक स्कार्पियो से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से पटना की ओर भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप भेजी जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। बुधवार को बक्सर-पटना फोरलेन स्थित बामपाली पुल के समीप, आरा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान एक महिंद्रा स्कार्पियो को रोका गया। जांच के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। स्कार्पियो पर सीजी-04-डीजी-7600 नंबर अंकित था। वाहन चालक की पहचान बिहियां थाना क्षेत्र के धवरी गांव निवासी शिवम ओझा के रूप में हुई। उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद विभाग के अनुसार बरामद शराब में किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल स्ट्रॉन्ग बीयर की 500 एमएल की 432 बोतलें तथा 8 पीएम स्पेशल ब्लेंडेड ऑफ स्कॉच व्हिस्की की 180 एमएल की 960 बोतलें शामिल हैं।

# मारपीट के बाद फंदे से लटकाई लाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुंधुआं गांव में बुधवार को मारपीट कर हत्या के बाद विवाहिता की लाश को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता के पिता का आरोप है कि मेरी बेटी के गले पर फंदे का काला रंग का निशान, दोनों पैर, बाएं हाथ की कोहनी पर काला निशान और मुंह से झाग निकला हुआ पाया गया है। मृतका के पिता का आरोप है कि लाश की स्थिति से स्पष्ट है कि मेरी बेटी की हत्या की गई है। उन्होंने दामाद और बेटी के ससुराल पक्ष के सदस्यों पर दहेज को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धुंधुआं गांव निवासी मंतोष कुमार की 21 साल की पत्नी नीतू कुमारी है। स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, नीतू की मौत फांसी लगाने से ही हुई है, लेकिन उसने फांसी खुद लगाई या किसी और ने वारदात को अंजाम दिया, इस पर जांच जारी है। पुलिस की ओर से बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत मारपीट कर एवं फांसी लगाने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं, विवाहिता के मौत के बाद ससुराल वाले बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। लेकिन पुलिस अंतिम संस्कार से पहले ही पहुंच गई। इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि फांसी लगाने से मौत होना प्रतीत होता है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था। घटनास्थल से एफएसएल की टीम ने साक्ष्य को एकत्रित कर लिया। अभी मृतका के परिजनों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मृतका की शादी सात माह पूर्व हुई थी। घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मैजिक गाड़ी से युवक की मिली लाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा ।** भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र से घर से निकले पटना निवासी युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव थाना क्षेत्र के बबुरबानी गांव वार्ड नंबर-14 स्थित चाय दुकान के पीछे खड़ी मैजिक गाड़ी से गुरुवार को बरामद हुआ। मृतक के दाहिने आंख के बगल में काले रंग का चोट का निशान पाया गया है। जिसके कारण परिजन की ओर से उसके दो दोस्तों पर ही उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक पटना के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी सुनील कुमार का 20 साल का बेटा आकाश कुमार है। वह गांव पर आकर खेती करता था। इधर, मृतक के चचेरे चाचा विनय कुमार ने बताया कि उसके दादा का देहांत हो गया था और बुधवार को श्राद्ध कर्म था। बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने दोस्त गोलू और सन्नी कुमार के साथ घर से निकला था और बाइक गोलू कुमार की थी। इसी बीच रात करीब गयारह बजे गोलू कुमार के चाचा ने फोन कर बताया गया कि मेरा गोलू मिल नहीं रहा था, तो हम लोग खोजबीन करने निकले थे। खोजबीन के दौरान कोईलवर बबुरबानी गांव स्थित सोन नदी के किनारे झाड़ी में भतीजे का शव मिला है। सूचना पाकर परिजन बबुरबानी गांव पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मैजिक वाहन में वह मृत अवस्था में पड़ा था। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। दूसरी तरफ मृतक के चचेरे चाचा विनय कुमार ने गांव में आठ दिन पहले गोलू कुमार के घर के बच्चे और उनके घर के बच्चों के बीच हुए झगड़े के विवाद के कारण गोलू कुमार और सन्नी कुमार पर गला दबाकर अपने भतीजे की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक अपने दो बहन व एक भाई में बड़ा था। उसकी शादी पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के नवादा गांव में तय हुई थी। इसी महीने 20 जून को तिलक और 25 जून को बारात जाने वाली थी

# किसान भवन में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** सदर प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में आत्मा की ओर से खरीफ कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। आत्मा के उपनिदेशक रणधीर कुमार ने कहा कि बदलते जलवायु और कृषि क्षेत्र की नई चुनौतियों के बीच वैज्ञानिक पद्धति से खेती करना समय की आवश्यकता बन गई है। किसान आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों, संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग तथा वैज्ञानिक सलाह के आधार पर खेती कर उत्पादन बढ़ा सकते हैं। वे अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की नई तकनीकों की जानकारी देना है। इसका उद्देश्य खेती को अधिक लाभकारी बनाना भी है। उप निदेशक ने खेत बचाओ अभियान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने कुल कृषि क्षेत्र के कम से कम 25 प्रतिशत हिस्से में जैविक खेती जरूर अपनाएं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने किसानों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर खाड़ी देशों में जारी तनाव और युद्ध के कारण इस वर्ष रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। इसलिए किसानों को अभी से वैकल्पिक खेती पद्धतियों पर ध्यान देना चाहिए। प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित कृषि को भी बढ़ावा देना चाहिए। बिना आईडी के नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अंकित कुमार ने किसानों से कहा कि कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। आने वाले समय में बिना फार्मर आईडी के किसी भी सरकारी कृषि योजना या अनुदान का लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसानों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की। मौके पर प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के सदस्य उमाशंकर पांडेय, उद्यान पदाधिकारी शिव कुमार, कृषि समन्वयक कमलेश पासवान, उमेश कुमार आदि थे।

# एनएच-922 पर डिवाइडर को रौंद रहे भारी वाहन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोईलवर ।** राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर कोईलवर थाना मोड़ और कायमनगर में भारी वाहनों की मनमानी सड़क सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। रोजाना ट्रक और अन्य बड़े वाहन डिवाइडर पर चढ़कर उसे रौंदते हुए दूसरी लेन में प्रवेश कर रहे हैं। नतीजतन डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों में राकेश कुमार, संजीत रजक , प्रेम कुमार, नीरज सिंह, यादवेन्द्र कुमार उर्फ विरमन्यु यादव, रवि कुमार सिंह, शशिकांत त्रिपाठी के अनुसार दोनों स्थानों पर यह नजारा आम हो चुका है। निर्धारित यू-टर्न या कट का उपयोग करने के बजाय कई चालक कुछ मिनट बचाने के लिए सीधे डिवाइडर पार कर जाते हैं। कई बार भारी वाहन डिवाइडर पर फंस जाते हैं, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सब खुलेआम होने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक डिवाइडर पार करने की कोशिश कभी भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं, लेकिन जिम्मेदार एजेंसियां प्रभावी कार्रवाई करती नजर नहीं आ रही हैं।

# डुमरांव में आज 8 घंटे पावर कट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर ।** बक्सर के डुमरांव शहर के कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति को अधिक सुरक्षित, सुचारू और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को विद्युत विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पुराने और क्षतिग्रस्त हो चुके बिजली तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। मरम्मत एवं तार परिवर्तन कार्य के कारण संबंधित क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक करीब 8 घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दो नंबर चौकी क्षेत्र तथा शिव नंदन मिश्रा रोड स्थित ट्रांसफार्मरों से जुड़े इलाकों में लंबे समय से पुराने तारों के कारण तकनीकी समस्याएं सामने आ रही थीं। कई जगहों पर तार काफी जर्जर हो चुके हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट, बार-बार फॉल्ट होने और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विभाग ने पुराने तारों को हटाकर नए तार लगाने का निर्णय लिया है। कनीय विद्युत अभियंता मो. इम्तियाज ने बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा और बेहतर विद्युत सेवा सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तार बदलने के दौरान संबंधित ट्रांसफार्मरों से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी, ताकि तकनीकी कर्मियों को सुरक्षित वातावरण में कार्य करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और काम को निर्धारित समय में पूरा किया जा सके। विभाग के अनुसार, तार बदलने का यह अभियान भविष्य में होने वाली तकनीकी बाधाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में पुराने तारों के कारण कई बार अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नए तार लगने के बाद बिजली व्यवस्था अधिक मजबूत होगी और फॉल्ट की घटनाओं में कमी आने की संभावना है। बिजली विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। विभाग ने लोगों से कहा है कि निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक कार्यों के लिए पहले से वैकल्पिक व्यवस्था कर लें, क्योंकि सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मरम्मत एवं तार परिवर्तन का कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभाग का मानना है कि इस सुधार कार्य के बाद क्षेत्र में अनियोजित बिजली कटौती और बार-बार होने वाले फॉल्ट की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर, सुरक्षित और निर्बाध बिजली सेवा का लाभ मिलेगा।

# तुलसी आश्रम को पर्यटन स्थल बनाने की मांग पर प्रशासन ने मांगी रिपोर्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**ब्रह्मपुर ।** ब्रह्मपुर के रघुनाथपुर स्थित तुलसी आश्रम को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग तेज हुई है। सरकारी स्तर पर हर साल तुलसी महोत्सव कराने का प्रस्ताव भी रखा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता और तुलसी विचार मंच के संयोजक शैलेश कुमार ओझा ने मुख्यमंत्री सचिवालय के सहयोग पोर्टल पर 21 मई को मांग पत्र दर्ज कराया था। इसके बाद जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने प्रक्रिया शुरू की है। जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, बक्सर ने विभिन्न विभागों और अधिकारियों से सुझाव मांगे हैं। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरांव को पत्र भेजकर आश्रम के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर विस्तृत प्रतिवेदन देने को कहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि सरकारी स्तर पर महोत्सव शुरू करने से पहले स्थल को संरक्षित और मान्यता प्राप्त धरोहर के रूप में चिन्हित करने पर स्पष्ट मंतव्य दिया जाए। भूमि का स्वामित्व और नक्शे की मांग ▪ जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरांव से भूमि स्वामित्व, स्थल का नक्शा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, निर्माण के बाद रख-रखाव की व्यवस्था और पर्यटकीय संभावनाओं की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मांगी है। ▪ जिला सामान्य शाखा के अनुसार कि पर्यटन विभाग द्वारा पहले मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। इस कारण अनुमंडल पदाधिकारी को दोबारा निर्देश जारी कर जल्द प्रतिवेदन भेजने को कहा गया है, ताकि प्रस्ताव को आगे स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों को भेजा जा सके। ▪ तुलसी आश्रम को गोस्वामी तुलसीदास की तपोस्थली के रूप में जाना जाता है। स्थानीय जानकारी के अनुसार तुलसीदास के नाम पर यहां 4 एकड़ 63 डिसमिल भूमि दर्ज है। परिसर में राम-जानकी मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### 8.625 लीटर विदेशी शराब के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 8.625 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की तस्करी की जा रही है।सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया गया।छापेमारी के दौरान पुलिस ने इंडियन गैस वाली रोड में एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में उसके बैग से कुल 8.625 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुम्हारटोली मुहल्ले निवासी स्वर्गीय मिथलेश चौधरी के पुत्र उपेंद्र कुमार के रूप में की गई है.पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस ने कहा कि इलाके में शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नदौल स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात अधेड़ की मौत, शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के नदौल रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 35/24के पास गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तारेगना जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा हुआ देखा गया, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया,लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जमीन विवाद में घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट, महिला से छेड़खानी का आरोप, हमले का वीडियो वायरल

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र स्थित महम्मदपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट की, लूटपाट की और एक महिला के साथ छेड़खानी व दुर्व्यवहार भी किया। यह घटना 4 जून की बताई जा रही है। दर्जनों की संख्या में पहुंचे आरोपियों ने लाठी और लोहे की रॉड से घर के सदस्यों को घायल कर दिया। इसके बाद वे घर में घुस गए और लूटपाट की। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि इस दौरान घर की एक महिला के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार भी किया गया। इस मामले में पीड़ित आशा देवी के बयान पर महनार थाने में पांच नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्राथमिकी 6 जून को दर्ज की गई थी। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दर्जनों लोग लाठी, डंडे और रॉड लेकर पीड़ित परिवार पर हमला करते दिख रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुट गई है।

### अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर जब्त, हाजीपुर में पुलिस का एक्शन, ड्राइवर मौके से भागा

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर नगर थाना पुलिस ने बुधवार को त्रिमूर्ति चौक के पास छापेमारी कर अवैध बालू से लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने खनन विभाग को सूचित किया। खनन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों पर जुर्माना लगाया। नगर थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह उन्हें अवैध रूप से बालू ले जाने वाले ट्रैक्टरों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ा। हालांकि, पुलिस कार्रवाई के दौरान चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए। विदित हो कि अवैध रूप से सफेद बालू का खनन जारी है। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को नगर थाने लाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में खनन विभाग को जानकारी दी है। खनन विभाग के अधिकारी अब इन ट्रैक्टरों के कागजातों की जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा आरती, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय हुए शामिल, पीएम मोदी के 12 साल पूरे होने पर मंगल कामना कार्यक्रम

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर स्थित कोनहारा घाट के नमामि गंगे घाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गंगा आरती और मंगल कामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल हुए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गंगा आरती का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा से देश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह, भाजपा वैशाली दक्षिणी के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी, उपसभापति कंचन कुमारी और कार्यापालक पदाधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। नमामि गंगे घाट पर आयोजित इस गंगा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीपों की जगमगाहट ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान देश की उन्नति और समाज के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से भर गया।

### 3 दिन तक बारिश की संभावना, जिले में 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी हवा, मोबाइल पर मिला अलर्ट

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में गुरुवार की सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई, लेकिन करीब 7 बजे के बाद काले बादल छा गए और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली, हालांकि उमस बरकरार रही। इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश की संभावना जताई है। सुबह बारिश शुरू होने से पहले ही मौसम विभाग की ओर से लोगों के मोबाइल फोन पर अलर्ट जारी किया गया। अलर्ट में अगले कुछ घंटों के दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और गरज के साथ बारिश होने की चेतावनी दी गई है। इसके बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला और कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। बुधवार को भी जिले के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई थी। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। हालांकि दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद उमस बढ़ जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सुबह के समय हवा में नमी की मात्रा 85 प्रतिशत और दोपहर में 75 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं वाष्पीकरण की दर सामान्य से लगभग चार गुना अधिक 8.5 मिलीमीटर रही। पूरे दिन पछुआ हवा करीब 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही। पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम विज्ञान केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. ए. सत्तार ने बताया कि मानसून तेजी से उत्तर बिहार की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से जिले में मानसून पूर्व गतिविधियां तेज हो गई हैं और बारिश की संभावना लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं और पछुआ हवा के प्रभाव के कारण वातावरण में नमी अधिक बनी हुई है, जिससे उमस का असर महसूस किया जा रहा है। डॉ. सत्तार ने संभावना जताई कि अगले सप्ताह तक मानसून मुजफ्फरपुर जिले में प्रवेश कर सकता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। ऐसे में बीच-बीच में बारिश होने के बावजूद लोगों को गर्मी और उमस दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

# राज्यपाल ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर की गतिविधियों की समीक्षा की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन ने बिहार लोक भवन में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग 'कुलाधिपति संवाद' कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि वे अपनी समस्याएं, सुझाव, आकांक्षाएं और विचार सीधे कुलाधिपति के समक्ष रख सकें। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों और शिक्षकों को अपनी बात रखने का मंच प्रदान करेंगे, वहीं कुलाधिपति को भी अपने विजन और अपेक्षाओं से उन्हें अवगत कराने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच तथा जूनियर, सीनियर एवं पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के बीच नियमित संवाद और सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए विश्वविद्यालयों में, विशेषकर स्नातक स्तर पर, अंग्रेजी के साथ कम-से-कम एक विदेशी भाषा के अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित भाषा की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करने की बात कही।राज्यपाल ने पूर्ववर्ती विद्यार्थियों (एलुमनाई) के प्लेसमेंट संबंधी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया, ताकि विश्वविद्यालय अपने स्नातकों की रोजगार एवं व्यावसायिक उपलब्धियों का सही आकलन कर सके। उन्होंने रद्दी कागजों के पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने तथा क्षय रोग (टीबी) के अधिकाधिक मरीजों को गोद लेकर उनकी सहायता एवं देखभाल सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के फैकल्टी ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से अधिकाधिक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, दानापुर छावनी तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर 'सिंदूर पार्क' जैसी नवाचारपरक परियोजनाओं के विकास की संभावनाओं पर कार्य करने को कहा।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों, नवाचारों, श्रेष्ठ कार्य-पद्धतियों, भावी योजनाओं और चुनौतियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने 27 एवं 28 जून 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आम समागम-2026 के लोगो का अनावरण किया तथा कार्यक्रम से संबंधित ब्रोशर का विमोचन भी किया। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गंगा तटों की सुरक्षा से संबंधित कार्यों को एक माह में पूरा करने का निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने आज भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे जवनिया गांव में गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। सचिव ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली तथा चल रहे कार्यों पर उनका फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने गंगा नदी के निरंतर कटाव से उत्पन्न चुनौतियों को साझा करते हुए कटाव निरोधी एवं संरक्षण कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं दामोदरपुर (जवनिया) गाँवों को कटाव से सुरक्षित रखने के लिए लगभग 1200 मीटर लंबाई में कटाव निरोधी कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति राशि 52.56 करोड़ है तथा वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। डॉ. सिंह ने कार्यों में तेजी लाते हुए कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि मानसून की संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कटाव निरोधी कार्यों को हर हाल में अगले एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने अभियंताओं एवं संवेदकों को कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं जवनिया सहित आसपास के गाँवों को गंगा नदी के कटाव से प्रभावी सुरक्षा मिलेगी तथा स्थानीय आबादी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। निरीक्षण के दौरान विभाग के वरीय अभियंता, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पटना में गिग वर्कर्स के लिए बन रहे एसी लाउंज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना में डिलीवरी बॉयज, कूरियर बॉयज, ऑटो और बाइक राइडर्स को जल्द ही गर्मी से राहत मिलेगी। पटना नगर निगम द्वारा गिग वर्कर्स के लिए शहर में दो एसी लाउंज तैयार किए जा रहे हैं। गांधी मैदान गेट नंबर- 4 और इनकम टैक्स गोलंबर के पास इसका निर्माण हो रहा है। चेन्नई के तर्ज पर इस प्री-फैब्रिकेटेड एसी लाउंज को बनाया जा रहा है, जहां आम लोग भी आराम कर सकेंगे। पिछले महीने ही नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने इसके निर्माण के निर्देश दिए थे।




**एक साथ करीब 15 लोगों के बैठने की व्यवस्थाः** इन लाउंज में एक साथ करीब 15 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। दोनों लाउंज में 30 लोग बैठ सकेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देश पर शुरू की गयी इस योजना का निर्माण कार्य पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इन दोनों आश्रय स्थलों का मुख्य ढांचा तैयार हो चुका है और वर्तमान में फिनिशिंग का काम चल रहा है। अगले चार दिनों में यानी रविवार तक बुनियादी ढांचा पूरी तरह तैयार कर लिया जायेगा, जिसके बाद एसी लगाने और कुर्सियां बिछाने का काम पूरा होगा। 15 जून से इसे आम जनता और गिग वर्कर्स के लिए खोल दिया जाएगा।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन बीमाकृत व्यक्तियों की समस्याओं का हुआ समाधान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के क्षेत्रीय कार्यालय, पंचदीप भवन, पटना में बुधवार को 'सुविधा समागम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक सी.ए. निरंजन कुमार ने की। इस अवसर पर बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और हितलाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के दौरान 12 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं, विशेष रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल रीइम्बर्समेंट) से जुड़े मामलों की जानकारी ली गई और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए।




सुविधा समागम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न शाखा कार्यालयों एवं औषधालय-सह-शाखा कार्यालयों से जुड़े बीमाकृत व्यक्तियों की शिकायतों और समस्याओं का भी मौके पर ही निष्पादन किया गया।

इस दौरान बीमाकृत व्यक्तियों को बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान सीजीएचएस (CGHS) अथवा सरकारी निर्धारित दरों के अनुसार सीमित रूप से किया जाता है। इसलिए गैर-आपातकालीन मामलों में पहले ईएसआईसी आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या ईएसआईसी अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में इलाज कराने की सलाह दी गई। यदि वहां उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं हो, तभी निजी संस्थानों में इलाज कराने की बात कही गई।

अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि बीमाकृत व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम लगातार प्रयासरत है तथा भविष्य में सुविधाओं में और सुधार किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. बिजय कुमार केशरी, चिकित्सा अधीक्षक प्रतिनिधि, ईएसआईसी अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, डॉ. सुजीत कुमार चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक प्रतिनिधि, ईएसआईसी आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, डॉ. मो. मोजफ्फर उद्दीन (एसएमओ), तथा अशोक कुमार, सहायक निदेशक (हितलाभ) एवं सदस्य सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सदस्य सचिव ने सभी बीमाकृत व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का समापन किया।

# री-नीट 2026 के अंतिम दिनों की तैयारी को लेकर गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक बिपिन सिंह ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** री-नीट 2026 परीक्षा अब बेहद नजदीक है। ऐसे में विद्यार्थियों के बीच तनाव और चिंता बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन इस समय घबराने के बजाय सही रणनीति और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करना सफलता की कुंजी साबित हो सकता है। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने अपने 28 वर्षों के शैक्षणिक अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को परीक्षा के अंतिम दिनों के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम समय में किसी नए चैप्टर, नई किताब या नए अध्ययन स्रोत के पीछे भागने की गलती नहीं करनी चाहिए। इस समय केवल एनसीईआरटी, अपने क्लास नोट्स और पहले से पढ़े गए विषयों का व्यवस्थित पुनरावृत्ति करना सबसे अधिक लाभकारी होगा।

बिपिन सिंह ने कहा कि विशेष रूप से जीवविज्ञान और रसायन विज्ञान विषय में एनसीईआरटी सबसे महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को इसकी प्रत्येक पंक्ति, तालिका, चित्र और तथ्यों को बार-बार दोहराना चाहिए, क्योंकि नीट परीक्षा में सफलता का सबसे मजबूत आधार एनसीईआरटी ही है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने पिछले टेस्ट और मॉक परीक्षाओं में हुई गलतियों की एक अलग कॉपी तैयार करें और प्रतिदिन उसका अध्ययन करें। उनके अनुसार, एक ही गलती को दोबारा नहीं दोहराना ही वास्तविक प्रगति है।

उन्होंने नियमित अभ्यास पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों को प्रतिदिन समयबद्ध तरीके से फुल लेंथ टेस्ट या प्रश्नपत्र हल करना चाहिए। इससे उनकी गति, सटीकता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि पहले आसान और पूरी तरह से निश्चित प्रश्नों को हल करना चाहिए। सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि कट-ऑफ, संभावित रैंक और विभिन्न अफवाहों



से जुड़ी चर्चाएं विद्यार्थियों का ध्यान भटका सकती हैं। उन्होंने कहा कि किसी अन्य छात्र से तुलना करने के बजाय स्वयं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए बिपिन सिंह ने कहा कि तनाव, भय और नकारात्मक सोच परीक्षा प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। इसलिए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच बनाए रखनी चाहिए और अपने परिश्रम पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी उतना ही जरूरी है जितना पढ़ाई करना। स्वस्थ शरीर ही परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।

बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे रैंक और कट-ऑफ की गणना में समय बर्बाद न करें। उनका लक्ष्य केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी ने पूरे वर्ष ईमानदारी और लगन के साथ तैयारी की है, तो सफलता अवश्य मिलेगी। अपने संदेश के अंत में उन्होंने कहा कि री-नीट 2026 विद्यार्थियों के लिए केवल दूसरा अवसर नहीं, बल्कि खुद को और बेहतर साबित करने का अवसर है। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, "अंतिम दिनों में घबराने वाले नहीं, बल्कि स्वयं पर विश्वास रखने वाले विद्यार्थी ही इतिहास रचते हैं।" उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में शामिल होने का आह्वान किया।

## यह मेरा नहीं बल्कि बिहार के लोकगीतों का सम्मानः मनीषा श्रीवास्तव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** सुप्रसिद्ध लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव को संगीत नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2025 देने की घोषणा हुई है। यह बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस सम्बन्ध में हिन्दुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि बिहार की लोकगीतों, लोक संस्कृति के साथ-साथ उन तमाम कलाकारों का है, जो मेरी तरह बिहार के परम्परागत विषयों को आगे बढ़ाने के साथ साथ उसको सहेजने एवं संवारने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को अपने बड़े बुजुर्गों, गुरुजनों, साथियों को समर्पित करती हूँ। जिन्होंने मुझे हर समय प्रोत्साहन भरे शब्दों से सराहा तथा निरंतर बेहतरीन कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि उनका जीवन लोक संगीत को समर्पित है। उन्होंने अबतक भोजपुरी के अलावे मैथिली, अवधी, हिंदी एवं संस्कृत भाषाओं में गीत गाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी तैयारी बिहार की अन्य भाषाओं, अंगिका, बज्जिका एवं मगही की लोकगीतों को भी गाने की चल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सभी भाषाएँ मां समान हैं और उन सभी भाषाओं में अगर अच्छे लोकगीत हैं, लोक संगीत है तो उसे उसका सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकगीतों के साथ साथ बिहार के सांस्कृतिक विरासत समेत धरहोरों के ऊपर काम कर रही हैं। बाबू वीर कुँवर सिंह की जीवनी गीत, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी गीत, प्रधानमंत्री के मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के आह्वान को प्रेरित करता मिलेट्स गीत तथा बेटी बाचाओ एवं बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थक बनाने हेतु बेटियों के ऊपर अलग-अलग विषय को लेकर गीत गा चुकी हैं। आने वाले वर्षों में बिहार के अन्य धरोहरों पर आपको गीत सुनने को मिलेंगे। मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि शुरु से अपना अलग राह बनाकर चलती रही हूँ। मैंने बाजार के अधीन खुद को नहीं किया, बल्कि बाजार में बजने वाले गीतों के समकक्ष श्लील गीतों का एक समानांतर लकीर खड़ा किया है।

# 100 एकड़ में 574 करोड़ से बनेगा डुमरी स्पोर्ट्स सिटी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार में 100 एकड़ में डुमरी स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण होगा। इस परियोजना में 574 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसका प्रस्ताव जिला पदाधिकारी और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पटना को भेजा जा चुका है। इस प्रोजेक्ट के बेहतर इम्प्लिमेंटेशन के लिए दो अलग-अलग टीमों द्वारा अहमदाबाद और ओडिशा के खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडलों का अध्ययन किया गया है। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने आज खेल विभाग की समीक्षा बैठक की।

**डुमरी स्पोर्ट्स सिटी बिहार के खेल विकास का नया केंद्रः** खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि, डुमरी स्पोर्ट्स सिटी बिहार के खेल विकास का नया केंद्र बनेगी। भविष्य में इसके आसपास खेल, प्रशिक्षण, खेल उद्योग और अन्य सहायक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं विकसित होंगी। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अरवल, मधेपुरा और किशनगंज डिस्ट्रिक्ट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस संचालन 15 जून से शुरू कर दिया जाएगा। इन केंद्रों में कबड्डी, बैडमिंटन और ताइक्वांडो खेलों का आवासीय प्रशिक्षण संचालित होगा। इसके अतिरिक्त सिवान, मुंगेर और जमुई में फुटबॉल खेल के उत्कृष्टता केंद्र विकसित किए जाएंगे।

**खिलाड़ियों का चयन, प्रशिक्षकों की पहचान पूरीः** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने बताया कि, 'इन केंद्रों के लिए




खिलाड़ियों का चयन और प्रशिक्षकों की पहचान पूरी कर ली गई है। उन केंद्रों का संचालन प्रारंभ करने की सभी तैयारियां पूरी हैं।' खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि, 'डिस्ट्रिक्ट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के माध्यम से ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।' विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि 30 सितंबर 2026 तक राज्य के सभी डिस्ट्रिक्ट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस पूर्ण रूप से क्रियाशील हो जाएं।

**BCCI के सेलेक्टेड बिहारी खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरीः** इस बैठक में पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत स्पोर्ट्स क्लबों के सक्रियकरण की समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में खिलाड़ियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि ओलंपिक पदक विजेताओं के साथ-साथ BCCI द्वारा चयनित भारतीय पुरुष और महिला वरिष्ठ क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भी सामान्य प्रशासन विभाग एवं खेल विभाग की "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना के अंतर्गत शामिल किया जाए। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर ऐसे खिलाड़ियों को लेवल-9 की सरकारी नौकरियों का लाभ मिल सकेगा।

**राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी सीरीज का आयोजनः** राज्य के खेल कैलेंडर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवंबर 2026 में राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी सीरीज का आयोजन प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त जुलाई-अगस्त 2026 में खेलो इंडिया अस्मिता जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता, 7 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस तथा दिसंबर 2026 में एफआईएच प्रो लीग के आयोजन की तैयारियां भी चल रही हैं।

**निर्माण कार्य में विलंब पर एजेंसी पर होगी कार्रवाईः** प्रगति यात्रा के अंतर्गत स्वीकृत खेल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि, 'जिन एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब किया जाएगा, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बिहार सरकार की प्रस्तावित स्पोर्ट्स एक्शन प्लान पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसे मुख्यमंत्री के माध्यम से नीति आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

खेल विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि, 'राज्य में 4,818 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की नियुक्ति और पदस्थापना की जा चुकी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लगभग 17,000 शिक्षकों को विद्यालयी बच्चों के लिए आयु-उपयुक्त योग प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।'

# पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई वाहन जब्त



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल साकची स्थित स्टेट माइल रोड पर गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार पाठक के नेतृत्व में गुरुवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए और नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान चौधरी बिल्डिंग के समीप सड़क पर खड़े कई वाहनों को जब्त किया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटने के बाद स्टेट माइल रोड पहले की तुलना में काफी चौड़ी नजर आने लगी, जिससे यातायात व्यवस्था में तत्काल सुधार देखने को मिला और वाहनों की आवाजाही सुगम हो गई। ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार पाठक ने कहा कि यातायात नियम सभी के लिए समान हैं। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते समय यह नहीं देखा जाएगा कि वाहन मालिक आम नागरिक है या कोई अन्य व्यक्ति नो-पार्किंग जोन में खड़े सभी वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि साकची सहित शहर के अन्य प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी अतिक्रमण हटाने और अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाकर आम लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

# विनय महतो केस: सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट का विरोध, पिता पहुंचे कोर्ट

**एजेंसी। रांची**

सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सफायर इंटरनेशनल स्कूल के मृतक छात्र विनय कुमार महतो के पिता मनबहाल महतो ने एसडीजेएम की अदालत में प्रोटेस्ट पिटीशन दायर की है। मनबहाल महतो ने सीबीआई के अनुसंधान पर असंतुष्टि जताई है। इस प्रोटेस्ट पिटीशन पर अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस हुई, जो अगली सुनवाई 12 जून (शुक्रवार) को भी जारी रहेगी। सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय कुमार महतो की मौत मामले में सीबीआई की अंतिम प्रतिवेदन (क्लोजर रिपोर्ट) दाखिल होने के बाद विनय के पिता मनबहाल महतो को अदालत ने नोटिस जारी किया था। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सह एसडीजेएम रूपम स्मृति टोपनो की अदालत ने आरसी केस संख्या 04/2022 में सुनवाई करते हुए मनबहाल महतो को 15 जून 2026 तक खुद व अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह आदेश सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को देखते हुए दिया था। उल्लेखनीय है कि पांच फरवरी 2016 में सफायर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में 13 वर्षीय छात्र विनय महतो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सीबीआई ने बीते दिनों सीबीआई की विशेष अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर मामले में किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता या हत्या की साजिश का कोई ठोस सबूत नहीं पाई जाने की बात कही थी। सीबीआई ने इसे 'एक्सीडेंटल डेथ' यानी हादसा होने की संभावना जताई है। अदालत से क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करने का अनुरोध अनुसंधानकर्ता की ओर से किया गया था। सीबीआई ने चार वर्ष से अधिक समय से सारी तकनीकी एवं वैज्ञानिक पहलुओं पर अनुसंधान के बाद इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। दरअसल , विनय महतो के पिता मनबहाल महतो ने इस हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जुलाई 2022 को मामले को सीबीआई को सौंप दिया था। इसके बाद सीबीआई ने मामले में अनुसंधान शुरू करते हुए सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी पहलुओं पर जांच की थी। घटनास्थल का कई बार 'रिक्रिएशन' किया और स्कूल के सीसीटीवी कैमरों का भी गहन अध्ययन किया था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग
## भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 379726 Building (2026-27)#D Tender Reference No.-04/E.E., BCD/BUILDING DIV. Daltonganj/2026-27, Dated 13.05.2026 कार्य से संबंधित है, जिसमें कुछ तिथियों में तकनिकी एवं अपरिहार्य कारणवश संशोधन किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क0 सं0 | मद | पुर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.06.2026 | 15.06.2026 |

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 382097 (Building)26-27*D



## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2026–27**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.06.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 19.06.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 19.06.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी:–

| ग्रुप सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 11 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain from Ravindra sharma house to Vinod Yadav house & Kamlesh Chaudhary house to Vinod Chaudhary Land | 615700 | 5000 | 12500 | 45 Days |
| 02 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC drain from Mobarak Khan house to Kabristan old. | 965900 | 5000 | 19500 | 45 Days |
| 03 | 10 | नागरिक सुविधा | RCC drain from Bhusua School to Mobarak Khan house. | 993500 | 5000 | 20000 | 45 Days |
| 04 | 04 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Manoj Singh house to Ayansh ice cream shop | 793100 | 5000 | 16000 | 45 Days |
| 05 | 04 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Ayansh ice cream shop to Girl's High School. | 802300 | 5000 | 16100 | 45 Days |
| 06 | 04 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Girl's High School to Jitendra Singh house | 784800 | 5000 | 16000 | 45 Days |
| 07 | 02 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Murli Pandey house to Nayki Bandh | 983200 | 5000 | 20000 | 45 Days |
| 08 | 08 | नागरिक सुविधा | RCC drain from Transformer (August Pathak Land) to Nala (Mahendra Pathak Land) | 888700 | 5000 | 18000 | 45 Days |
| 09 | 05 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC culvert 1mX2mX1.4m at Pampukal Chhath Ghat | 881400 | 5000 | 18000 | 45 Days |

**नोट** :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 382179 Urban Development(26-27)#D


# सरयू राय ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को जन शिकायतों के आधार पर सोनारी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सबसे पहले उन्होंने सोनारी के कुम्हारपाड़ा में नगर विकास विभाग की ओर से निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में कई तकनीकी और गुणवत्ता संबंधी कमियां सामने आईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। सरयू राय ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल खामियों को दूर करने और निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक पुराना सोनारी पहुंचे, जहां विधायक निधि से निर्मित हो रही सड़क का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। निरीक्षण के क्रम में सरयू राय आदर्श नगर फोर्थ फेज के सामने पहुंचे, जहां नगर विकास विभाग की ओर से नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर काम अधूरा छोड़ दिया गया था। स्थल की स्थिति देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रुके हुए कार्यों को जल्द शुरू कराया जाए। साथ ही जहां भी निर्माण कार्यों में अनियमितता या लापरवाही हुई है, उसे तत्काल सुधारने की कार्रवाई की जाए। सरयू राय ने कहा कि जनता से प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं के आधार पर वे लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विकास कार्यों की निगरानी करते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराना उनकी प्राथमिकता है।


## समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–8, लेस्लीगंज, पलामू, पिन–822118

**-: निलामी सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झा0स0पु0–8, लेस्लीगंज, पलामू में रद्दीकरण घोशित सरकारी सामानों की निलामी दिनांक–.15.06.2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में झा0स0पु0–8, लेस्लीगंज, पलामू के वाहिनी परिसर स्थित मनोरंजन गृह में होगा। दिनांक–14. 06.2026 को इच्छुक व्यक्ति रद्दीकरण सामानों को वाहिनी परिसर स्थित मनोरंजन गृह में अवलोकन कर सकते हैं। निलामी खुले रूप में अधिकतम मूल्य लगाने के आधार पर की जायेगी, जिसकी नियम एवं शर्तें को निलामी के पूर्व सभी को अवगत करा दिया जायेगा। अन्तिम निर्णय समिति द्वारा लिया जायेगा, जिसे चुनौती नहीं दी सकती है। अपरिहार्य कारणों से कभी भी निलामी रद्द करने या निर्धारित तिथि को परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

**रद्दीकरण सामानों का नाम एवं संख्या निम्नप्रकार है :–**

| क्र0 | सामानों का नाम | संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लोहे का छोलनी 36'' | 36 | |
| 2. | लोहे चिमटा | 70 | |
| 3. | अल्युमिनियम डेक्चा ढक्कन 30'' एवं 26'' | 11 | |
| 4. | लोहे का कड़ाई 30'' | 16 | |
| 5. | लोहे का कड़ाई 26'' | 78 | |
| 6. | एलुमिनियम जग | 48 | |
| 7. | लोहे का कलछुल 18'' | 47 | |
| 8. | लोहे का फहसुल | 15 | |
| 9. | लोहे का तावा 24'' | 40 | |
| 10. | एलुमिनियम कठोता (गमला) 24 '' | 48 | |
| 11. | लोहे का झंझरा–15'' | 22 | |
| 12. | लोहे का बाल्टी 14'' | 86 | |
| 13. | पत्थर का सील+लोढ़ा | 04 | |
| 14. | लोहे का तावा 18'' | 02 | |
| 15. | लकड़ी का चकला<br>बेलना | 31<br>11 | |
| 16. | अल्युमिनियम डेक्चा ढक्कन सहित 18'' एंव 20'' | 27 | |
| 17. | लोहे का छोलनी 18'' | 62 | |
| 18. | लोहे का कड़ाही 15'' | 49 | |
| 19. | अल्युमिनियम डेक्चा ढक्कन सहित 14'' एंव 16'' | 11 | |
| 20. | अल्युमिनियम डेक्चा ढक्कन सहित 24'' एंव 26'' | 08 | |
| 21. | पानी ड्रम स्टील का | 02 | |
| 22. | रोटी चुल्हा (गैस) | 09 | |
| 23. | गैस चुल्हा | 11 | |
| 24. | अलमीरा | 01 | |
| 25. | कुर्सी 70 3डी0 | 01 | |
| 26. | कुर्सी सी0 एच0 1014 | 01 | |
| 27. | कुर्सी सी0एच0 06 | 12 | |
| 28. | टाईप मशीन (अंग्रेजी) | 02 | |
| 29. | टाईप मशीन (हिन्दी) | 02 | |
| 30. | लालटेन | 105 | |
| 31. | स्टील का बक्सा ट्रंक | 01 | |
| 32. | एस0एल0आर0 पौच | 114 | |
| 33. | 9 एम0 एम0 पिस्टल पौच | 07 | |
| 34. | 9 एम एम0 स्टेन गंज पौच | 12 | |
| 35. | गैस लाईट 05 ली0 का | 06 | |
| 36. | काठ चौकी | 54 | |
| 37. | बिगुल एवं कोड | 01 | |
| 38. | आयरन (कोयला) | 11 | |
| 39. | काला बेल्ट लाईलन का | 225 | |
| 40. | मैनपेक+ चार्जर | 5–8 | |
| 41. | मैन पेक बेटरी | 24 | |
| 42. | टार्च तीन सेल का | 190 | |
| 43. | बुलेट प्रुफ जैकेट | 49 | |
| 44. | बुलेट प्रुफ हेलमेट | 50 | |
| 45. | कमाण्डो लाईट | 61 | |
| 46. | दरी | 33 | |
| 47. | तारपोलीन त्रिपाल 14X14 | 75 | |
| 48. | वेब इन्कलेट | 1521 | |
| 49. | फोडिंग चारपाई | 522 | |
| 50. | पिठ्ठु खाखी बेल्ड सहित | 187 | |
| 51. | पिठ्ठु बड़ा बेल्ड सहित | 127 | |
| 52. | स्टेण्डेबुल टेंट | 74 | |
| 53. | जी0एस0 पोल बल्ला–खुटा सहित टेंट | 35 | |
| 54. | वाटर बोतल कैरियर के साथ | 631 | |
| 55. | नेवार बेल्ट | 817 | |
| 56. | इंसास पोच 5.56 एम0एम0 | 1462 | |
| 57. | छोटा पिठ्ठू हेमर सैक | 784 | |
| 58. | बड़ा पिठ्ठू हेमर सैक | 903 | |
| 59. | 80 किलो टेंट खुटा बल्ला सहित | 18 | |
| 60. | स्टोर टेंट बल्ला– खुटा सहित टेंट | 01 | |
| 61. | 5/10 के0भी0 के डीजल जनरेटर | 03 | |
| 62. | त्रिपाल ओ0 जी0 रिब्ड हरा | 27 | |
| 63. | एस टाईप चेयर | 01 | |
| 64. | गिजर | 01 | |
| 65. | कम्प्यूटर सेट | 04 | |
| 66. | एच पी लेजर जेट प्रिंटर | 02 | |
| 67. | तौसिबा/केनोन फैक्स मशीन | 01 | |
| 68. | तौसिबा/रिको फोटो कोपीयर प्रिंटर मशीन | 04 | |
| 69. | कुर्सी गोदरेज सी0एच0 07/06/73/07 बी0 | 53 | |
| 70. | हरा कुर्सी सी0 एच0 1007/1018 | 16 | |
| 71. | मोबाईल फोन नोकिया एवं सैमसंग | 5 | |
| 72. | फाईबर कुर्सी | 333 | |
| 73. | कुलर बजाज/ सिम्फोनी/भीगार्ड/कैनस्टार | 08 | |
| 74. | सिलिंग पंखा | 42 | |
| 75. | झालर कमर बंध | 100 | |
| 76. | मिक्सी मशीन | 04 | |
| 77. | फाईबर टेबल | 07 | |
| 78. | फौगिंग मशीन | 03 | |
| 79. | बॉडी प्रोटेक्टर विथ सिन गार्ड | 50 | |
| 80. | पॉली कार्बोनेट लाठी | 108 | |
| 81. | हेलमेट विथ व्यूव फाईन्डर | 50 | |
| 82. | पॉली कार्बोनेट शिल्ड | 50 | |
| 83. | वाल फैन | 02 | |
| 84. | डस्टबीन | 09 | |
| 85. | इन्कलेट परेड हेतु सफेद | 80 | |
| 86. | स्टैन पंखा | 01 | |
| 87. | आयरन बिजली का | 23 | |
| 88. | मच्छरदानी | 21 | |
| 89. | सिनटेक्स | 27 | |
| 90. | रेंज अमरेला | 03 | |
| 91. | स्टेपलाईजर 3+5 के0बी0ए0 | 02 | |
| 92. | इनसेट वाटर प्यूरीफायर | 10 | |
| 93. | फुल्थ्रु कोड सिंगल | 127 | |
| 94. | डिनर सेट | 02 | |
| 95. | ऐक्सक्लोसिव रड | 02 | |
| 96. | कुदाल | 09 | |
| 97. | बेलचा | 10 | |
| 98. | कुल्हाड़ी | 03 | |
| 99. | रक सैक (RUCK SACK) बैग | 38 | |
| 100. | एल0 ई0 डी0 कोमाण्डों लाईट | 06 | |
| 101. | एल0 ई0 डी0 सर्च लाईट विथ सोलर प्लेट | 06 | |
| 102. | सोर्ट फूट वार्मअप शू | 13 | |
| 103. | फुटबाल बुट | 77 | |
| 104. | फुटबाल | 61 | |
| 105. | फुटबाल जर्सी | 79 | |
| 106. | सेन गार्ड | 26 | |
| 107. | इंकलेट | 95 | |
| 108. | फुटबाल बेन्डेज | 32 | |
| 109. | हैडरी गार्ड | 02 | |
| 110. | कीपर गलब्स | 03 | |
| 111. | फुटबाल नेट | 01 | |
| 112. | वॉलीबाल जर्सी | 08 | |
| 113. | वॉलीबाल नेट | 90 | |
| 114. | वॉलीबाल | 70 | |
| 115. | नीकअप कब्बडी /हॉकी | 74 | |
| 116. | हॉकी स्टीक | 82 | |
| 117. | हॉकी शू | 36 | |
| 118. | कैरम बोर्ड | 80 | |
| 119. | हॉकी जी0 के0 पैड | 02 | |
| 120. | हॉकी बॉल | 27 | |
| 121. | पी0 टी0 शू0 (सफेद) | 67 | |
| 122. | टी0 सर्ट भी0 अई0 पी0 | 04 | |
| 123. | हॉकी हौज (मोजा) | 29 | |
| 124. | मार्च पास सफेद लोवर + जर्सी | 65 | |
| 125. | वालीबॉल शू | 10 | |
| 126. | वालीबॉल मोजा | 10 | |
| 127. | फुटबॉल मोजा | 32 | |

(कुसुम पुनिया) भा0पु0से0
समादेष्टा
झा0स0पु0–8, लेस्लीगंज, पलामू

PR 382095 (District) 26-27 (D)



## Office of the Executive Engineer-cum-Member Secretary Drinking Water and Sanitation Division, Medininagar, Palamu

**Invitation for Tender**

On behalf of the Government of Jharkhand, the **Drinking Water and Sanitation Division** invites Sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of O&M Installed of Community Model Bio- Gas Plant in Village- Sundi Panchayat- Sundi Block- Panki(Palamu) & Also Technical Support Agencies for New Plant Installation** Under Gobardhan project in District Water & Sanitation Division Medininagar Palamu, Jharkhand".

***The summary of tender details is as below:-***

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG Phase II /DWSD/Gobardhan(O&M)/01/2025-26 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 1250/- (Rupees One thousand Two Hundred Fifty only) as Fixed Deposit (FD) of any Nationalized bank. |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1, 00,000/- (Rupees One Lakh only) as Fixed Deposit (FD) of any Nationalized bank. |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division Medininagar , Palamu, Jharkhand **Phone: - 9973742366, Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com** |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division Medininagar, Palamu, Jharkhand **Phone: - 9973742366, Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com** |
| 6 | Telephone Number | 9973742366 |
| 7 | Contact Person | Executive Engineer |
| 8 | Email Contact | eedwsd.medininagar@gmail.com |

**1. Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 11/06/2026 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 24/06/2026 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 26/06/2026 at 01:00PM |
| Last date and time for submission of bids. | 01/07/2026 at 04:00PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids | 03/07/2026 at 03:00PM |

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date; Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.

The Executive Engineer Drinking Water and Sanitation Division Medininagar, Palamu the right to accept, reject any tender offer or cancel the entire process without assigning any reason thereof.

**All the EOI/Tender related document can be seen on https://palamu.nic.in**

Executive Engineer –cum-Member Secretary
Drinking Water & Sanitation Division
Medininagar, Palamu Government of Jharkhand
Email:eedwsd.medininagar@gmail.com

PR 382102 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D


# रिम्स लैंड स्कैम केस में नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर रमन कुमार से एसीबी की पूछताछ शुरू




**एजेंसी। रांची**

रिम्स लैंड स्कैम मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर रमन कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एजेंसी के अधिकारी रमन कुमार से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, जमीन से जुड़े दस्तावेजों और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच के सिलसिले में नगर निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर को एसीबी कार्यालय तलब किया गया है। एसीबी मामले से जुड़े अभिलेखों (रिकॉर्ड्स) का मिलान कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि दस्तावेजों में किसी प्रकार की हेराफेरी हुई थी या नहीं। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रिम्स रांची की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री, कब्जा करने के मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गत सात अप्रैल को जमीन दलाल सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपितों में रांची के ही सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली बांधगाड़ी का रहनेवाला राजकिशोर बड़ाईक , कार्तिक बड़ाईक, कोकर के आदर्श नगर में पावर सब स्टेशन के समीप रहने वाला राजेश कुमार झा तथा खूंटी के तोरपा थाना क्षेत्र के पाटपुर का रहने वाला चैतन कुमार शामिल है। आरोपितों पर गलत वंशावली बनाकर व्यक्तिगत फायदे के लिए रिम्स रांची की अधिग्रहित जमीन की धोखाधड़ी कर खरीद-बिक्री करने का आरोप है। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर एसीबी की रांची स्थित थाना में पांच जनवरी को कांड संख्या 01/2026 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।


## OFFICE OF NAGAR PANCHAYAT, HARIHARGANJ
**(For Selection of Consultants)**

**SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**
**Notice No. 04 / 2026–27**

It is hereby informed to all concerned that Nagar Panchayat, Hariharganj invites quotations from experienced and specialized consultants for preparation of Detailed Project Reports (DPRs) for road works, bridges/culverts, beautification of squares and intersections, park development, street lighting arrangements, office buildings, pond beautification/rejuvenation, building construction, and other development schemes within the jurisdiction of Nagar Panchayat, Hariharganj for a period of the next three years.

Interested consultants may submit their rates, inclusive of all applicable taxes, in a sealed envelope at the office of Nagar Panchayat, Hariharganj on or before **25.06.2026 up to 2:30 PM**. The quotations shall be opened on the same day at **3:30 PM** in the office chamber of Nagar Panchayat, Hariharganj in the presence of the consultants or their authorized representatives.

**DETAILS OF WORK**

| Sl. No. | DPR Amount / Project Cost | Consultancy Fee (DPR) Inclusive of All Taxes | Consultancy Fee (PMC) Inclusive of All Taxes |
|---|---|---|---|
| 01 | Up to ₹1 Crore | | |
| 02 | ₹1 Crore to ₹5 Crore | | |
| 03 | ₹5 Crore to ₹10 Crore | | |
| 04 | Above ₹10 Crore | | |

**TERMS AND CONDITIONS**

1. The consulting organization/firm must submit self-attested copies of PAN Card, GST Registration Certificate, Registration Certificate, latest Balance Sheet Acknowledgement, GST Returns, **Character Certificate**, and relevant supporting documents along with the quotation.
2. Consultants must submit an Earnest Money Deposit (EMD) of **₹10,000/- (Rupees Ten Thousand only)** through Bank Draft in favor of the **Executive Officer, Nagar Panchayat, Hariharganj**, payable at Hariharganj. Quotations received without the EMD shall be rejected.
3. Consultants must submit an Security Deposit (SD) of **₹50,000/- (Rupees Fifty Thousand only)** through Bank Draft in favour of the **Executive Officer, Nagar Panchayat, Hariharganj**, payable at Hariharganj.
4. The consultants shall prepare DPRs strictly in accordance with the rules and conditions prescribed by the Government.
5. **Startup companies recognized by the Government of India are also eligible to participate in the quotation process.**
6. **Companies possessing the following valid ISO certifications shall be given preference during evaluation:**
   - ISO/IEC 27001:2022 (Information Security Management System)
   - ISO 45001:2018 (Occupational Health & Safety Management System)
   - ISO 14001:2015 (Environmental Management System)
   - ISO 9001:2015 (Quality Management System)
7. Preference in allotment of work shall be given, in case of equal rates, to consultants/firms possessing the above-mentioned ISO certifications and other relevant credentials.
8. Evaluation of the quotations shall be carried out by the Tender Committee of Nagar Panchayat, Hariharganj.
9. The consultant must submit a declaration stating that no legal action is pending against the firm/organization and that it has not been blacklisted by any Government Department, Public Sector Undertaking, Local Body, or Statutory Authority.
10. Payment to consultants shall be released only after the Final DPR is duly approved by the competent authority. Applicable taxes shall be deducted at source from the payable amount before release of payment.
11. For any additional information regarding this quotation, interested parties may contact the office of Nagar Panchayat, Hariharganj during working days and office hours.
12. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all quotations, wholly or partly, or cancel the consultant selection process at any stage without assigning any reason.

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 382173 District (26-27)_D


# आकाशीय बिजली गिरने से युवती की मौत

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जिले के पोटका प्रखंड में गुरुवार को मौसम के अचानक खराब होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवती की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार पोटका थाना क्षेत्र के हेंसलबिल गांव निवासी मुस्कान हांसदा (23) गुरुवार दोपहर अपने घर के समीप खड़ी थी। इसी दौरान क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ मौसम खराब हो गया और अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पोटका लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पोटका थाना पुलिस और अंचल प्रशासन को दे दी है। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं ग्रामीणों ने मृतका के परिजनों को सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैहर इकाई को वर्ष 2024-25 का प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त

**मैहर, एजेंसी।** पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट



योगदान के लिए आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड (एमपी बिरला ग्रुप) की मैहर इकाई को वर्ष 2024-25 के लिए मध्य प्रदेश शासन का प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में आरसीसीपीएल मैहर इकाई के यूनिट हेड श्री देवेंद्र पटेल को प्रदान किया गया। पुरस्कार मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से दिया गया। सीमेंट उद्योग में पर्यावरणीय उत्कृष्टता का यह सम्मान मैहर इकाई द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं—पर्यावरण प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण उपायों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग, जल संरक्षण, हरित आवरण विस्तार और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी—के लिए प्रदान किया गया है। आरसीसीपीएल मैहर इकाई ने औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच सही संतुलन स्थापित करते हुए क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कंपनी की यह उपलब्धि नवाचार-आधारित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और सतत विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आरसीसीपीएल प्रबंधन ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने कर्मचारियों, सहयोगियों और समस्त हितधारकों को दिया। कंपनी के प्रबंधन ने कहा, यह पुरस्कार हमें और अधिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। भविष्य में भी हम पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा हरित एवं जिम्मेदार औद्योगिक विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### बेटे की कड़ी आपत्ति के बाद डीएसपी गोविंद सिंह की जॉइनिंग पर लगी रोक

**उदयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड से जुड़े घटनाक्रम में पीड़ित परिवार की आपत्ति के बाद डीएसपी गोविन्द सिंह की प्रस्तावित नियुक्ति पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। कन्हैयालाल के बेटों ने राज्य सरकार को ज्ञापन देकर संबंधित अधिकारी की नियुक्ति पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद मामले की समीक्षा शुरू हुई। परिजनों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी ने उनके पिता की ओर से तत्कालीन सीआई धानमंडी गोविन्द सिंह को दी गई शिकायत पर मामला दर्ज किया होता तो उनके पिता जीवित होते। उनकी लापरवाही के चलते उनके पिता की जघन्य तरीके से हत्या कर दी गई। फिलहाल मामला कोर्ट में जारी है, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए ऐसे अधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी जानी चाहिए।

### राजस्थान में चार करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के टोंक जिले में पुलिस ने दो किलो 49 ग्राम हेरोइन पकड़ी है। पुलिस ने पकड़ी गई हेरोइन की बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक की बताई है। पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस उप अधीक्षक रामअवतार ने बताया कि मंगलवार रात पिपलु थाना पुलिस ने नियमित नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान पुलिसकर्मियों को एक बोलेरो गाड़ी में सवार दो संदिग्ध लोग नजर आए। पुलिस ने बोलेरो को रोक कर जांच की तो हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए दोनों तस्कर हनुमान एवं अमन कुमार पिपलु क्षेत्र के ही निवासी हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जांच कर रही है कि दोनों तस्कर हेरोइन कहां से लेकर आए थे।

# मणिपुर में नागा समुदाय के 6 शव मिलने से हड़कंप, इंफाल में फिर भड़की हिंसा

## पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। जहां बीती रात हिंसक प्रदर्शन हुए। ये प्रदर्शन नागा समुदाय के 6 लोगों के शव बरामद होने के बाद हुए। मणिपुर पुलिस ने इंफाल में जैसे ही लोगों को 6 शव बरामद होने की जानकारी दी। लोगों का गुस्सा भड़क उठा।

स्थानीय लोग अस्पताल के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। बैरिकेड्स गिरा दिए। पुलिस को भीड़ पर काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस दौरान आगजनी की घटनाएं भी सामने आईं।

13 मई को आर्म्ड ग्रुप्स ने 20 लोगों को बंधक बना लिया था। जिनमें 14 कुकी और 6 नागा समुदाय के लोग शामिल थे। एक दिन पहले इनमें से 14 कुकियों को रिहा कर दिया गया था। लेकिन कल दोपहर में बंधक बनाए गए नागा समुदाय के 6 लोगों के शव सेनापति जिले से बरामद हुए। इसके बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया और देर रात तक अस्पताल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के साथ जोर आजमाइश चलती रही। नेशनल



पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष एवं मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने मणिपुर में नगा समुदाय के 6 लोगों की हत्या की घटना की बुधवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस जघन्य वारदात के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे लाकर सख्त सजा दी जानी चाहिए। अपने बयान में संगमा ने इन हत्याओं को बेहद दुखद और पूरी तरह अस्वीकार्य बताया और पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता जताई।उन्होंने कहा, 'मैं नगा समुदाय के 6 लोगों की निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हिंसा का यह कृत्य बेहद दुखद और पूरी तरह से अस्वीकार्य है।' मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि उन्हें 6 लोगों के शव बरामद हुए हैं, जो लापता नगा पुरुष के बताए जाते हैं। इन लोगों को कांगपोकपी जिले में सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाकर रखा गया था।

# सिटी बसों का चक्का जाम

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बृहस्पतिवार सुबह बड़ा झटका लगा, जब गुरुग्राम महानगर सिटी बस सेवा (जीएमसीबीएल) के सेक्टर-52 बस डिपो से जुड़े करीब 500 ड्राइवर और कंडक्टर वेतन वृद्धि, वर्दी भत्ता तथा अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले



गए। सुबह पांच बजे से शुरू हुई हड़ताल के चलते 100 से अधिक सिटी बसें डिपो में ही खड़ी रहीं और निर्धारित रूटों पर नहीं चल सकीं। इससे कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, और अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुग्राम में सिटी बसों के दो प्रमुख डिपो सेक्टर-52 और सेक्टर-10 में संचालित हैं। हड़ताल केवल सेक्टर-52 डिपो के कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी, वर्दी उपलब्ध कराने और अन्य सुविधाओं की मांग की जा रही है, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। इसी के विरोध में उन्होंने बस संचालन ठप करने का निर्णय लिया। सुबह के समय यात्रियों को हुई सबसे अधिक परेशानी

शहर में कुल लगभग 150 लो-फ्लोर सीएनजी आधारित सिटी बसें 30 से अधिक रूटों पर संचालित होती हैं। इनमें से अधिकांश बसें सेक्टर-52 डिपो से संचालित होती हैं। सुबह कार्यालय जाने वाले यात्रियों को बसें नहीं मिलने से ऑटो और कैब का सहारा लेना पड़ा। कई बस स्टॉप पर यात्री घंटों तक बसों का इंतजार करते दिखाई दिए।

यात्रियों का कहना है कि सिटी बस सेवा शहर के हजारों लोगों के लिए सस्ती और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था है। अचानक बस संचालन बंद होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई और अतिरिक्त किराया खर्च करना पड़ा। हड़ताल के बावजूद चालक और परिचालक सुबह डिपो पहुंचे, लेकिन उन्होंने बसों को रूटों पर ले जाने से इनकार कर दिया। कर्मचारियों ने डिपो परिसर में एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## हरियाणा में जिम में वर्कआउट करा रहे ट्रेनर को सुबह-सुबह गोलियों से भूना

**हांसी , एजेंसी।** हरियाणा के हांसी में गुरुवार को सुबह-सुबह हुई एक सनसनीखेज घटना से इलाका दहल उठा है। यहां फव्वारा चौक के पास बाइकसवार कुछ हमलावरों ने जिम ट्रेनर को गोलियों से भून डाला। जानकारी के मुताबिक जिम संचालक कपिल सुबह करीब 5 बजे कुछ लड़के-लड़कियों को एक्सरसाइज करवा रहा था। तभी घात लगाकर पहुंचे हमलावरों ने करीब 10 राउंड फायरिंग कर दी। गोलियां लगते ही कपिल ने मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान एक अन्य युवती घायल भी हो गई है। उसे हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस, सीआईए और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है और पूरे इलाके को सील कर फुटेज खंगाली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि 25 वर्षीय कपिल जिम से कुछ दूर दुकान में बनी सीढ़ियों पर लड़के-लड़कियों को वार्म-अप करवा रहा था।

## थाने-चौकी में खड़े पीड़ित से बाइक चोरी की ऑनलाइन शिकायत कराते रहे पुलिसकर्मी, 4 महीने तक दौड़ाया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** बाइक चोरी के एक मामले ने पुलिस की ऑनलाइन शिकायत व्यवस्था और कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चिरंजीव विहार निवासी बैंककर्मी रवि शंकर की बाइक चोरी होने के बाद पुलिसकर्मी उन्हें चार माह तक एफआईआर कराने के लिए इधर-उधर दौड़ाते रहे, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। आखिरकार पुलिस आयुक्त को शिकायत भेजने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया। रवि शंकर के अनुसार सात फरवरी की शाम वह रहीसपुर स्थित सूर्य गार्डन-2 में अपने रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में गए थे। जब वह लौटे तो बाहर खड़ी उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। उन्होंने तत्काल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और



आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की गई। इसके बाद उन्होंने संजय नगर पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दी। पीड़ित का आरोप है कि चौकी प्रभारी के कहने पर यूपी काप ऐप से ई-एफआईआर दर्ज कराई गई, लेकिन शिकायत रिजेक्ट हो गई। इसके बाद मधुबन बापूधाम क्षेत्र में फिर से शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भी खारिज हो गई। रवि का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने उनके मोबाइल से खुद भी शिकायत दर्ज करने की कोशिश की, मगर तीसरी बार भी आवेदन रिजेक्ट हो गया। इसके बाद उन्हें साइबर कैफे जाकर ई-कंप्लेंट करने की सलाह दी गई। वहां से भी शिकायत स्वीकार नहीं हुई। रवि का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से ऑफलाइन एफआईआर दर्ज करने की मांग की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## आरोप हैं तो मेरा नार्को टेस्ट करवाओ, लेकिन...', राजस्थान के पूर्व मंत्री रमेश मीणा की अशोक गहलोत को खुली चुनौती

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर साल 2020 के सियासी संकट को लेकर आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंच गया है। मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता रमेश मीणा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को खुली चुनौती दी है। रमेश मीणा ने कहा है कि अगर किसी के पास इस बात के सबूत हैं कि उन्होंने 2020 की बगावत के दौरान 10 करोड़ रुपये लिए थे, तो उनका नार्को टेस्ट करवा लिया जाए।





हालांकि अपने बयान में पूर्व सीएम गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि नार्को टेस्ट सिर्फ उनका ही नहीं, बल्कि अशोक गहलोत का भी होना चाहिए ताकि यह साफ हो सके कि सरकार बचाने के लिए उन्होंने निर्दलीय और अन्य विधायकों को कितने पैसे दिए थे। दरअसल, अशोक गहलोत गुट की तरफ से हाल ही में एक बार फिर यह आरोप लगाया गया था कि 2020 में जिन विधायकों ने सचिन पायलट के नेतृत्व में बगावत की थी, उन्होंने सरकार गिराने की डील के तहत 10-10 करोड़ रुपये की एडवांस रकम ली थी। रमेश मीणा 2020 में सचिन पायलट के साथ बगावत करने वाले विधायकों में शामिल थे। इस आरोप पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उन्होंने करौली में आयोजित एक 'किसान सम्मेलन' में अशोक गहलोत पर जमकर निशाना साधा। करौली के मंच से बोलते हुए रमेश मीणा ने कहा कि मैं आपको (अशोक गहलोत को) चुनौती देता हूं, यह साबित करने के लिए मेरा नार्को टेस्ट करवाएं कि क्या मैंने 10 करोड़ रुपये लिए थे। लेकिन इसी के साथ आपका भी नार्को टेस्ट होना चाहिए, जिससे यह पता चले कि आपने सरकार बचाने के लिए निर्दलीय, बीटीपी और भाजपा के विधायकों को कितना पैसा दिया था। हमारे पास भी सारे दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब भी राज्य में कांग्रेस मजबूत स्थिति में दिखने लगती है, तब-तब जानबूझकर ऐसे पुराने और झूठे आरोप उछाल दिए जाते हैं ताकि पार्टी का माहौल खराब किया जा सके।

# दिल्ली-आगरा हाईवे पर हर किलोमीटर पर लगेंगे एआई कैमरे, दिसंबर 2026 तक 215 कैमरों से होने लगेगी निगरानी

**फरीदाबाद, एजेंसी।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रत्येक किलोमीटर पर आटो ट्रैकिंग कैमरे लगाए जाएंगे। इस योजना को दिसंबर 2026 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। हर एक किलोमीटर पर कैमरों के लिए पोल स्लैब लगाने का काम शुरू हो चुका है। एनएचपीसी टोल प्लाजा से आगरा के सिकंदरा चौक तक राजमार्ग 215 सीसीटीवी कैमरों की जद में आ जाएगा। योजना का मकसद राजमार्ग पर यातायात की निगरानी, दुर्घटनाओं का विश्लेषण और आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने का है। खास बात यह है कि लगाए जाने वाले कैमरे एआई आधारित होंगे। 23 किलोमीटर वाली फरीदाबाद सीमा में 27 कैमरे लगाए जाने हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) योजना के तहत एआई आधारित एटी कैमरे लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रत्येक किलोमीटर कैमरों के लिए लगाए जाने वाले पोल्स का फाउंडेशन स्लैब लगाया जा रहा है। इन कैमरों की कवरिंग रेंज 250 मीटर के आसपास होगी, लेकिन स्पष्टता 100 मीटर तक दिखा सकेगा। इन कैमरों में होने वाली रिकार्डिंग को 180 दिन तक सहेज कर रखा जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर छह महीने में उन्हें खंगाला जा सके।

एटीएमएस के तहत लगने वाले एआई आधारित कैमरों की मानटरिंग के लिए एनएचपीसी के नजदीक एनएचएआई कार्यालय में ही कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। कैमरों की खासियत यही रहेगी कि जैसे ही



सड़क पर कोई हादसा, दुर्घटना या पशु इत्यादि दिखाई देगा तो वे कंट्रोल रूम में मौजूद स्क्रीन को हाईलाइट करके बीप करेगा। बीप के बजते ही कंट्रोल रूम ऑपरेटर तुरंत इमरजेंसी नंबर 1033 और 112 को सूचित करेंगे, ताकि जरूरतमंद को फौरी तौर पर मदद मिल सके।


लगाए जाने वाले कैमरों की निगरानी करके यातायात पुलिस ओवरस्पीड वाहन, बिना बेल्ट वाहन चलाने वाले, ब्लैक फिल्म वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट, मोबाइल पर बात करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटेगी। ओवर स्पीड कैमरे अलग से लगाए जाएंगे, जो फुट ओवर ब्रिज व ओवरहेड रोलर्स पर लगाए जाएंगे।

# ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी में फ्लैट की छत का गिरा प्लास्टर

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी-एक की पांच एवेन्यू सोसायटी में भी प्लास्टर गिरने का मामला सामने आया है। सोमवार रात करीब 10 बजे एक फ्लैट के कमरे की छत का प्लास्टर अचानक नीचे गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया और एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं हाल ही में अरिहंत अंबर सोसायटी में प्लास्टर गिरने से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। लगातार प्लास्टर गिरने की हो रही घटनाओं से सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बता दें कि सोसायटी के एस टावर के फ्लैट नंबर 1265 में मयंक अपने परिवार के साथ रहते हैं। मयंक ने बताया कि करीब 10 बजे अचानक छत से प्लास्टर बड़ा हिस्सा छूट कर सीधे बेड पर जाकर गिरा, जिससे बेड पास रखा टेबल लैंप टूट गया।

इस दौरान उसी कमरे के अंदर उनके पिता कमरे में बेड से कुछ ही दूरी पर कुर्सी



पर बैठे हुए थे, यदि प्लास्टर कुछ फीट इधर-उधर गिरता तो उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो सकते थे।

घटना के बाद परिवार के लोग काफी घबरा गए और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सोसायटी प्रबंधन को दी। अरिहंत अंबर सोसायटी में प्लास्टर गिरने से हुई युवक की मौत के बाद से सोसायटी में रहने वाले 1300 परिवारों के उनके परिजनों की सुरक्षा की चिंता सता रही है। मयंक का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है जब उनके फ्लैट में प्लास्टर गिरा हो। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले भी इसी कमरे में इसी स्थान पर प्लास्टर टूटकर गिर गया था।

# केजीएमयू-पीजीआई में धर्मांतरण; अब ऐक्शन में राज्यपाल, सभी मेडिकल कॉलेजों में सेल का निर्देश

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के केजीएमयू में रेजिडेंट डॉक्टर और पीजीआई में कर्मचारी की बेटी से जुड़े कथित धर्मांतरण प्रकरण को राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने गंभीरता से लिया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के सभी मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में धर्मांतरण रोकथाम सेल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबद्ध कॉलेजों को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर एम बोबड़े की ओर से विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अमित देवगन के निर्देश पर कुलसचिव ने सभी संबद्ध मेडिकल और डेंटल कॉलेजों को पत्र जारी किया है। जिसमें कॉलेजों को अपने संस्थानों में धर्मांतरण से जुड़े मामलों की रोकथाम के लिए एक विशेष सेल गठित करने को कहा गया है। यह सेल विद्यार्थियों, डॉक्टरों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के साथ किसी भी संदिग्ध गतिविधि की निगरानी करेगा।

**जागरूकता अभियान और नियमों की जानकारी का निर्देश:** इसके अलावा कॉलेज प्रशासन को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें छात्रों और कर्मचारियों को नियमों, अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य है कि शैक्षणिक संस्थानों में स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण बना रहे। केजीएमयू और पीजीआई से जुड़े कथित धर्मांतरण मामलों ने चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। इसके बाद शासन स्तर पर इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।



विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी कॉलेजों से जल्द सेल गठित कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्यपाल के निर्देश के बाद प्रदेश के मेडिकल संस्थानों में धर्मांतरण से जुड़े मामलों को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। कॉलेज प्रशासन अब विद्यार्थियों और कर्मचारियों के बीच संवाद बढ़ाने पर भी जोर देगा, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

वहीं, तेलीबाग से 21 दिन से लापता पीजीआई कर्मी की बेटी के धर्मांतरण और सीरिया कनेक्शन में संस्थान के एक मुस्लिम डॉक्टर पर भी पीड़ित पिता ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने पीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन को प्रार्थनापत्र देकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को हिंदू संगठन भी विरोध में उतर आए। मामला तूल पकड़ता देख उच्चाधिकारियों के निर्देश पर युवती के धर्मांतरण और सीरिया कनेक्शन की जांच में एजेंसियों को लगाया गया है। पीड़ित पिता ने मुख्यमंत्री से आरोपी इरशाद की गिरफ्तारी और बेटी की बरामदगी की गुहार की है।

युवती के पिता के मुताबिक इरशाद अमेठी जनपद के कमरौली इलाके के सुन्धरवा गांव का रहने वाला है। वह बेटी के अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर इरशाद शोषण करता था। ब्लैकमेल कर धर्मांतरण का दबाव बनाता था। बेटी के धर्मांतरण न करने पर उसने अपहरण कर लिया। आशंका है कि अब धर्मांतरण कराकर उसे सीरिया लेकर चला गया। पीड़ित पिता दावा है कि सोशल मीडिया के जरिए उन्हें कई आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो मिले हैं। उनके द्वारा उन्हें जानकारी मिली की इरशाद अली बेटी का धर्मांतरण कराकर उसे सीरिया ले गया है। परिवार का कहना है कि इसी डर ने उनकी रातों की नींद छीन ली है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर चल रही ऐसी सूचनाओं की पुष्टि नहीं हुई है और हर पहलू की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार का कहना है कि दिन-रात बेटी की चिंता और उसके सकुशल लौटने की उम्मीद में पूरा परिवार टूट चुका है। हर गुजरते दिन के साथ उनकी बेचैनी और बढ़ती जा रही है। पीड़ित पिता बार-बार यही कह रहे हैं कि, योगी जी, मेरी बेटी को वापस ला दीजिए। वहीं, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमार आनंद ने कहा कि सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। चार टीमों के अलावा सर्विलांस को भी लगाया गया है। तीन हफ्ते बाद भी युवती का पता न लगने पर मंगलवार रात अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी युवती के पिता से जाकर मिले।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सरकार आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन कायम करने वाले कदम उठाए

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण की तुलना में आर्थिक वृद्धि के प्रयासों पर ज्यादा जोर दे रही है। इससे भले ही अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में सुधार नजर आ सकता है, लेकिन महंगाई के बढ़ते बोझ से आम लोगों के लिए जीवन–यापन करना कठिन हो जाएगा।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पैदा हुए संकट का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर पड़ रहा है, जिससे इनकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है।महंगाई अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगी है और निश्चित तौर पर इसका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसद से घटाकर 6.6 फीसद, जबकि खुदरा महंगाई दर के अनुमान को 4.6 फीसद से बढ़ाकर 5.1 फीसद कर दिया है।हालांकि, सरकार का लक्ष्य महंगाई दर को चार फीसद के दायरे में सीमित रखने का है, लेकिन सवाल है कि वर्तमान में जो परिस्थितियां बनी हैं, उस लिहाज से क्या इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा, या फिर यह आंकड़ा महज सरकारी कागजों में दिखाने के लिए ही रह जाएगा। यह आशंका इसलिए व्यक्त की जा रही है, क्योंकि सरकार की ओर से मौजूदा संकट से निपटने के लिए कोई ठोस एवं विस्तृत रूपरेखा अभी तक सामने नहीं आई है।आरबीआइ ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 फीसद पर बरकरार रखा है और इसे आम लोगों के लिए राहत के रूप में पेश किया जा रहा है। मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि पहले से ही महंगाई से जूझ रहे समाज के एक वर्ग को उम्मीद थी कि रेपो दर में कुछ कमी की जाएगी, जिससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक से कर्ज लेने और मासिक किस्त चुकता करने में आसानी होगी।गौरतलब है कि रेपो दर में कमी और वृद्धि से ब्याज दरें भी घटती एवं बढ़ती हैं, जिसका सीधा असर बैंकों से कर्ज लेने वालों की मासिक भुगतान किस्त पर पड़ता है। यह बात स्पष्ट है कि बढ़ते वैश्विक तनाव, वस्तुओं की ऊंची कीमतें और आपूर्ति में समस्या देश के आर्थिक परिदृश्य के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं।कच्चे तेल के दामों में आए उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की रिकार्ड पूंजी निकासी के कारण रुपया इस वर्ष डालर के मुकाबले छह फीसद से अधिक टूटा है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अगर समग्र रूप से कारगर कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और ज्यादा बिगड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।देश की अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम सिर्फ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से ही नहीं है, बल्कि घरेलू मोर्चे पर भी कई तरह की चुनौतियां स्थिति को जटिल बना रही हैं। मसलन, आरबीआइ ने अपनी रिपोर्ट में सामान्य से कम मानसून के अनुमान और अल–नीनो के कारण उत्पन्न जोखिमों का भी उल्लेख किया है। साथ ही कहा कि इससे आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों पर दबाव और ज्यादा बढ़ सकता है। यानी महंगाई का सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं है।आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण की तुलना में आर्थिक वृद्धि के प्रयासों पर ज्यादा जोर दे रही है। इससे भले ही अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में सुधार नजर आ सकता है, लेकिन महंगाई के बढ़ते बोझ से आम लोगों के लिए जीवन–यापन करना कठिन हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि सरकार ऐसे कदम उठाएं, जिससे आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन कायम हो और पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट के असर को भी कम किया जा सके।

# फाइबर अर्थव्यवस्था : भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर

## "स्थानीय प्रचुरता से सतत सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में वैश्विक नेतृत्व तक"



**श्री गिरिराज सिंह**
**केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार**

फाइबर के साथ भारत का 5,000 बरस पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गाँवों, परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई से गुँथा है। "बुनी हुई हवा" कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर समस्त महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक - फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया वैश्विक स्थिरता की क्रांति की कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है। दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक - यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है। न्यू एज फाइबर ऐसे टिकाऊ एवं पौधों-आधारित पदार्थ हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च-मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं।

बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ों में आराम, पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत्वपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के 15 एमएमटी से बढ़ाकर 2030 तक 23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है : नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर, जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं।

इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026-2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले "मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी" के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों : कृषि-सूत्र- खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी-अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम-सेतु - अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएसः ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए - पर आधारित है ।

इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर -20C तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10% हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5-2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है। केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं।

इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए,न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति-निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया। इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँः उत्पादन को पाँच वर्षों में 10,000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना, गुणवत्ता मानकों का विकास करना, मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना, आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करना और खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आईं। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं। शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है-जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है - ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें। इसके लाभ पूरी मूल्य श्रृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य-संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है।

असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 5एफ विज़न- खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक-से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं।

# दिल्ली अग्निकाडों के हादसों की राजधानी बनी

**(योगेंद्र योगी)**

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टेज में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले 21 लोगों में बांग्लादेश-अफ्रीकी देशों के नागरिक भी शामिल हैं। मतलब यहां देश के लोग तो सुरक्षित हैं ही नहीं, विदेशी भी सुरक्षित नहीं हैं। होटल से दमकलकर्मियों ने कुल 37 लोगों को बाहर निकाला। दिल्ली की होटल में हुए अग्निकाड में मारे गए 21 लोगों की मौत से यह एक बार फिर साबित हो गया है कि देश में आम आदमी की जिन्दगी किसी भी सुरक्षित नहीं है। सरकारी की सुरक्षा जिम्मेदारी सिर्फ दिखावटी है। नागरिकों की सुरक्षा भ्रष्टाचार और मिलीभगत की भेट चढ़ रही है। सरकारें ऐसे हादसों से कभी सबक नही लेती। यही वजह हादसे दर हादसे होते चले जाते हैं और सरकारें सिर्फ लीपापोती करने में जुटी रहती हैं। दरअसल ऐसे हादसों में लापरवाही और भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार अफसरों को जब तक जेल भेज जाने का कानून नहीं बनेगा, हादसों की पुनरावृत्ति होती रहेगी। दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टेज में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले 21 लोगों में बांग्लादेश-अफ्रीकी देशों के नागरिक भी शामिल हैं। मतलब यहां देश के लोग तो सुरक्षित हैं ही नहीं, विदेशी भी सुरक्षित नहीं हैं। होटल से दमकलकर्मियों ने कुल 37 लोगों को बाहर निकाला। वहीं 12 लोगों ने खिड़की से नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। आश्चर्य यह है कि दिल्ली में केंद्र सरकार और राज्य की सरकार भाजपा की है। चुनाव जीतने के लिए भाजपा भ्रष्टाचार और डबल इंजिन से तेजी से विकास का दावा करती रही। ऐसे हादसे बताते हैं कि सरकार का एक भी इंजिन सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर शराब घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया था। केजरीवाल को न सिर्फ जेल जाना पड़ा बल्कि उनकी पार्टी आप दिल्ली विधानसभा का चुनाव भाजपा के हाथों हार गई। अदालत ने केजरीवाल को बरी कर दिया। तत्कालीन केजरीवाल सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप दिल्ली में सत्ता हासिल करने में भाजपा के लिए बड़ा कारण साबित हुआ। अदालत के इस फैसले से पहले हुए दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत में आ गई। दिल्ली की जिस होटल में यह भयानक हादसा हुआ, उसके पास बिल्डिंग की फायर सुरक्षा का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था।होटल में 25 कमरे हैं। दिल्ली के दमकल विभाग के मुताबिक बिल्डिंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा पांच मंजिलें हैं। इस पूरी बिल्डिंग में सिर्फ एक सीढ़ी और एक एलिवेटर मौजूद है। बिल्डिंग पूरी तरह से सील थी और इसमें वेंटिलेशन का कोई इंतजाम नहीं था। बाथरूम की खिड़कियों सहित सभी खिड़कियां पूरी तरह से बंद थीं। आग लगने पर ऐसी बिल्डिंग एक चिमनी की तरह काम करती है। यह हालत दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के सैकड़ों होटलों और व्यवसायिक संस्थानों की है। इन संस्थानों के पास अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। इस खामी की जांच होती भी है तो मिलीभगत के कारण अफसर आंखे बंद कर लेते हैं। यही वजह है दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों में लगातार ऐसे अग्निकाडों की पुनरावृति हो रही है। ऐसे हादसों में लोग जल कर या दम घुटने से मर रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6119



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. सिखों के आदि गुरू जिनका मूलनाम भाई लहनासिंह था (1539-1532) (5)
5. प्रसिद्ध पुस्तक डिवाइन कॉमेडी के इस लेखक की कृति है (2)
7. नाक में झूलने वाला एक प्रकार का गहना, लटकने का भाव (4)
8. किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार, लेबल (3)
9. पावित्र, पाक, शुद्ध (3)
11. ईर्ष्या, जलन (2)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. सड़क मार्ग (अंगेजी)(2)
15. मेहनताना, पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. कामना, प्रार्थना (उर्दू)(4)
20. पुरानी फिल्मों को प्रसिद्ध गीतकार जो संगीतकार शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)

**ऊपर से नीचे**

1. उद्यान, वाटिका, वर्तमान के प्रसिद्ध गीतकार (4)
2. जड़, मूल (अंग्रेजी)(2)
3. संख्या का चिन्ह, रूपक का एक प्रकार (2)
4. बंदूक की गोली का चूर्ण अंग्रेजी में यह कहते है (6)
5. रद, दंत (2)
6. यह ईरान देश की राजधानी है (4)
8. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
10. परोक्ष व्यक्ति के संकेत का शब्द, बातचीत में दूर स्थित (2)
13. व्यापार, तिजारत, काम-धंधा (4)
14. अत्यंत सूक्ष्म गोलाकार निशान, पुरानी फिल्मों की एक अभिनेत्री (1969 से 1985 तक)(2)
16. शिष्टता, सभ्यता, अदब, शिष्टाचार (3)
18. सबके अंत में होने वाला, अंतिम (3)
19. दुख, पीड़ा, शोक, पश्यताप आदि को बतलाने वाला अव्यय (2)

### वर्ग पहेली 6118 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ओ | म | पु | री | | औ | स | त |
| ह | म | रा | ज | | ला | | क्ष |
| दा | | त | न | ब | द | न | |
| | फ | न | | दी | | व | य |
| सु | त | | घा | | ता | जी | म |
| ब | ह | क | ना | | जा | व | क |
| क | | त | | सी | | न | |
| ना | म | र | ख | ना | | | सा |

# आज का राशिफल

### मेष
आज खर्चा करते समय थोड़ा संभलकर रहना होगा, घर के कामों में पैसा लग सकता है। मंगलदेव अपनी ही राशि में हैं, तो आप ऑफिस में किसी शेर की तरह डटे रहेंगे और सीनियर आपकी हिम्मत को सलाम करेंगे। बस काम के दौरान अपने साथियों के साथ प्यार से पेश आएं।

### वृष
आज आर्थिक स्थिति एकदम तगड़ी है। भविष्य के लिए कहीं पैसा लगाना है, तो आज का दिन बहुत बढ़िया है। ईश्वर की कृपा से काम के नए अवसर मिल सकते हैं, बस आज की मेहनत आने वाले समय में आपको बड़ा फायदा दिलाएगी। आज के छोटे-छोटे निवेश ही आगे चलकर बड़े बनेंगे।

### मिथुन
आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ बैठकर जो भी आर्थिक प्लानिंग करेंगे, वह भविष्य में बहुत काम आएगी। काम की जगह अपनी अलग छाप छोड़ने का आज मौका है, टीम को साथ लेकर चलेंगे तो जीत पक्की है।

### तुला
आज आप पैसों को लेकर बहुत फिक्रमंद रहेंगे, जो कि अच्छी बात है। प्रॉपर्टी या घर के निवेश आज आपको सुकून देंगे। करियर में काम का दबाव हो सकता है, पर आपका धैर्य सबको प्रभावित करेगा।करियर में आज का दिन शांति से काम निपटाने का है। अपनी सूझ-बूझ से ऑफिस की मुश्किलों को हल कर लेंगे।

### वृश्चिक
भविष्य की प्लानिंग के लिए आज का दिन बेहतरीन है। मीन राशि के चंद्रमा आपकी अंतरात्मा की आवाज को और मजबूत बना रहे हैं, निवेश करने से पहले उसे जरूर सुनें। करियर में काम का दबाव हो सकता है, पर आपका धैर्य सबको प्रभावित करेगा।करियर में आज पूरा फोकस अपने लक्ष्य पर रखें। रिसर्च या तकनीक के काम में आज आपको बड़ी सफलता मिलने के योग हैं।

### धनु
पैसों के मामले में आज थोड़े हाथ खींचकर चलना ही ठीक है। घूमने-फिरने या शौक-मौज में पैसा खर्च हो सकता है, बजट का ध्यान रखें। ऑफिस में आज कुछ नया सीखने का मौका मिले तो उसे छोड़ना मत। किसी अनुभवी व्यक्ति की बात आज आपके बहुत काम आएगी, बस बिना सोचे-समझे किसी को कोई वादा न दें।

### कर्क
आज पैसों को लेकर थोड़ा असमंजस हो सकता है, केतु देव भ्रम पैदा कर सकते हैं। आज कोई भी बड़ा रिस्क लेने से बचना ही समझदारी है। ऑफिस में शनिदेव अनुशासन मांग रहे हैं। काम का फल मिलने में थोड़ी देर हो सकती है, इसलिए अपना धीरज न खोएं, किसी पुराने साथी की सलाह आज बहुत काम आएगी।

### सिंह
आज आर्थिक मामले संतुलित रहेगा। आपका हिसाब-किताब आज एकदम दुरुस्त रहेगा। किसी भी जगह पैसे लगाने से पहले जो प्लानिंग की थी, वो अब काम आएगी। ऑफिस में आपकी बारीकियों को पकड़ने की आदत सीनियर को बहुत पसंद आएगी। बस अपनी कार्यकुशलता पर भरोसा रखें और आगे बढ़ते रहें।

### कन्या
आज आपका दिमाग बिजली की तरह दौड़ेगा। पैसा कहां से आएगा और कहां खर्च करना है, यह गणित आज आप तुरंत हल कर लेंगे। ऑफिस में आपकी बातचीत का असर ऐसा होगा कि मीटिंग में सब आपकी बात सुनेंगे। बस इधर-उधर की बातों से अपना ध्यान न भटकाएं।

### मकर
आज आप अपने भविष्य के बड़े सपनों को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आज के छोटे-छोटे निवेश ही आगे चलकर बड़े बनेंगे। करियर में आज का दिन धैर्य की परीक्षा है। काम की गति भले धीमी लगे, पर उसे मजबूती से पूरा करें। करियर में काम का दबाव हो सकता है, पर आपका धैर्य सबको प्रभावित करेगा। आपकी निरंतरता ही आपकी सबसे बड़ी पहचान है।

### कुंभ
आज कुछ हटकर करने का चस्का लगा सकते हैं, पर बिना जांचे-परखे कोई भी बदलाव करना ठीक नहीं होगा। करियर में आपकी रचनात्मकता आज सबको हैरान कर देगी। करियर में काम का दबाव हो सकता है, पर आपका धैर्य सबको प्रभावित करेगा। बस एक साथ बहुत सारी चीजों में न उलझें, एक वक्त में सिर्फ एक ही काम पर अपना ध्यान केंद्रित रखें।

### मीन
आज का दिन आपको शांत और जिम्मेदार बना रहा है। चंद्रमा और शनिदेव मिलकर आपसे कह रहे हैं कि अपने बजट और भविष्य की जरूरतों पर गौर करें। करियर में काम का दबाव हो सकता है, पर आपका धैर्य सबको प्रभावित करेगा। छोटी-मोटी बातों में न उलझें, बस अपने बड़े लक्ष्यों की ओर नजर रखें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### जनता दरबार में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे दर्जनों फरियादियों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, पुलिस कार्रवाई से संबंधित शिकायतों सहित विभिन्न मामलों पर लोगों ने अपनी बातें रखीं। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों की जानकारी प्राप्त की। शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने का निर्देश दिया।

### 10 एवं 11 जुलाई को आयोजित होगा मातृ-पितृ वंदन महोत्सव

**देव (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** देव प्रखंड के चैनपुर ग्राम में आगामी 10 एवं 11 जुलाई को आयोजित होने वाले मातृ-पितृ वंदन महोत्सव को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महोत्सव की रूपरेखा तय करने को लेकर गुरुवार को चैनपुर स्थित बासमती-जनेश्वर पुस्तकालय में जनेश्वर विकास केंद्र एवं बासमती सेवा केंद्र की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उमेश प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि महोत्सव के दौरान माता-पिता की सेवा करने वाले योग्य पुत्र-पुत्रियों तथा सास-ससुर की सेवा में समर्पित बहुओं और दामादों को "श्रवण कुमार सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पात्र व्यक्तियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर मंच प्रदान किया जाएगा।

सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना, एसबीआई के एटीएम में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर था कार्यरत

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप बुधवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन सवार मौके से फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मृतक की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के भटकुराह गांव निवासी उमेश यादव (38) के रूप में हुई है। वह भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में परिवार के साथ रफीगंज स्थित आरबीआर हाई स्कूल के पास किराये के मकान में रहते थे। परिजनों के अनुसार उमेश यादव बुधवार रात अपने घर से कासमा स्थित बुआ के घर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान रफीगंज बस स्टैंड के पास एक होटल से पार्टी कर निकले कुछ लोग कार से बाहर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार मोड़ने के दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और उमेश यादव की बाइक उसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उमेश यादव कई फीट दूर जा गिरे और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तत्काल रफीगंज थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कार सवार लोग नशे की हालत में थे और तेज रफ्तार में वाहन मोड़ रहे थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो काले रंग की कारों से कुछ लोगों के होटल पहुंचने और वापस निकलने का दृश्य दिखाई दिया है। इसी दौरान एक कार की चपेट में बाइक सवार उमेश यादव आते नजर आ रहे हैं।

रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और उसमें सवार लोगों की पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। उधर, हादसे के बाद मृतक की पत्नी ललिता देवी, पुत्र नीरज और धीरज सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि उमेश यादव छह भाइयों में सबसे बड़े थे और सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम की मौत

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)

गुरुवार को दोपहर में जमहोर थाना के बरौली बिगहा गांव में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। मृतक की पहचान बरौली बिगहा निवासी शंभू कुमार के पुत्र सुबोध कुमार के रूप में की गयी है जबकि ट्रैक्टर चालक की पहचान कुरमा निवासी जयराम के रूप में की गयी है। घटना के बारे में लोगों ने बताया कि 5 वर्षीय मासूम बालक सुबोध जैसे ही अपने घर से निकला कि देखते ही देखते वह रोड पर पहुंच गया कि वह बालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया जिससे उस बालक की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गयी। ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को डीहरा लख से बालू लेकर ओबरा के कारा बाजार जा रहा था। गाँव के कुछ ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 पर फोन कर लिया जिससे तत्काल पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन इसके पूर्व ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक जयराम को बंधक बना लिया।पुलिस द्वारा बहुत प्रयास के बाद भी ट्रैक्टर चालक जयराम ग्रामीणों के कैद से आजाद नहीं हो सका।

ग्रामीण शव को साथ लेकर मुआवजा के लिए सड़क पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और इधर मासूम की मौत से गांव में मातम पसरा है और परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## ममता कर्मी का निधन, परिजनों ने उठाई मुआवजा व नौकरी की मांग



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सदर अस्पताल में कार्यरत ममता कर्मी निर्मला देवी (41 वर्ष) का इलाज के दौरान निधन हो गया। गुरुवार को उनका शव औरंगाबाद पहुंचते ही परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और मृतका के परिवार को उचित मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा निवासी सीताराम रविदास की पत्नी के रूप में हुई है। निर्मला देवी ममता कर्मी के रूप में कार्यरत थीं और गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव के लिए प्रेरित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं।

परिजनों के अनुसार, निर्मला देवी पिछले कुछ दिनों से हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं। बेहतर इलाज के लिए उन्हें 6 जून को गुजरात के अहमदाबाद ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान 9 जून को उनका निधन हो गया। शव के साथ सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग से आर्थिक सहायता की मांग की। वार्ड पार्षद धर्मेंद्र पासवान ने कहा कि आशा और ममता कर्मी बेहद कम मानदेय पर स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाती हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पाती। उन्होंने मृतका के परिवार को उचित मुआवजा देने तथा उनकी बहू को ममता कर्मी के पद पर नियुक्त करने की मांग की।

सूचना मिलने पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के तहत उपलब्ध सभी सहायता और सुविधाएं दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मृतका के बड़े पुत्र सोनू कुमार ने बताया कि उनकी मां ही परिवार के भरण-पोषण का मुख्य आधार थीं। उन्होंने परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए किसी महिला सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। निर्मला देवी अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गई हैं। इनमें एक पुत्र और एक पुत्री का विवाह हो चुका है, जबकि दो बच्चों का विवाह अभी शेष है।

घटना के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्ल कांत निराला ने कहा कि निर्मला देवी एक मेहनती, समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ ममता कर्मी थीं।

## जामुन बेचकर घर लौट रहे फल विक्रेता की सड़क हादसे में मौत, वाहन चालक फरार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा मोड़ के समीप बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक फल विक्रेता की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिगहा गांव निवासी कारू साव (64 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार कारू साव प्रतिदिन की तरह औरंगाबाद शहर में जामुन बेचने आए थे। देर रात वह अपना काम समाप्त कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान कामा बिगहा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों एवं नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और कारू साव को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन और चालक की पहचान करने में जुटी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कारू साव बेहद मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। वह वर्षों से फल बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी कमाई पर ही परिवार की आजीविका निर्भर थी। उनका एकमात्र पुत्र बजरंगी कुमार भी ठेला लगाकर परिवार की मदद करता है, लेकिन परिवार की मुख्य आर्थिक जिम्मेदारी कारू साव के कंधों पर ही थी। कारू साव की असामयिक मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है।

## 16 जून को लगेंगे पंचायतवार सहयोग शिविर, प्रचार-प्रसार तेज : डीएम

- शिविर से पहले पंचायत सरकार भवन में आवेदन जमा करने की अपील।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आगामी 16 जून को आयोजित होने वाले पंचायतवार "सहयोग शिविर" के सफल संचालन को लेकर जिले भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न पंचायतों में टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर लोगों को शिविर की जानकारी दी जा रही है और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन शिविर से पूर्व पंचायत सरकार भवन में जमा कर दें, ताकि शिविर के दिन ही उनके आवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन किया जा सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि "सहयोग शिविर" का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है। इसके तहत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रशासन द्वारा प्रत्येक शिविर से कम-से-कम 30 दिन पूर्व आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आवेदनों की पूर्व जांच कर समाधान प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं उनके सहयोगी अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## औरंगाबाद में अग्नि सुरक्षा जांच अभियान तेज, कई अस्पतालों और प्रतिष्ठानों को जारी हुआ नोटिस

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



हाल के दिनों में विभिन्न स्थानों पर हुई गंभीर अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए औरंगाबाद जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जांच शुरू कर दी गई है। बिहार के निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देश तथा जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिले के प्रमुख चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, होटल, लॉज, अतिथि गृह एवं अन्य आवासीय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान का नेतृत्व अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह ने किया। उनके साथ अग्निक चालक मंजीत कुमार पाण्डेय एवं अग्निक कुणाल कुमार भी मौजूद रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति का आकलन करना तथा यह सुनिश्चित करना था कि आपात स्थिति में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को रोका जा सके।

### सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** गुरुवार को को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला राजमार्ग सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स के निदेशनुसार अपर समाहर्ता श्री अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में जिला राजमार्ग सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा सुदृढ़ीकरण,अवैध अतिक्रमण एवं पार्किंग हटाने,दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के सुधार तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित विभागों एवं कार्यपालक अभियंताओं को राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे अवैध ढाबों,व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य अतिक्रमणों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## औरंगाबाद प्रखंड में लोकल फोरम की हुई बैठक दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान पर हुई चर्चा

- प्रखंड स्तरीय समाजसेवी गुप्तेश्वर निराला, नंदकिशोर राम, कुसुम देवी और प्रखंड समन्वयक रंजीत कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)



एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से दिव्यांगजनों के समावेशी विकास, उनकी समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को सदर प्रखंड के फेसर ग्राम पंचायत में स्थानीय फोरम (लोकल फोरम) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में फोरम से जुड़े सदस्यों, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड स्तरीय समाजसेवी गुप्तेश्वर निराला, पंचायत प्रतिनिधि नंदकिशोर राम, जीविका से जुड़ी कुसुम देवी तथा प्रखंड समन्वयक रंजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा समाजसेवी एवं जनरल फिजिशियन डॉ. शफीक अहमद, फेसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. संजू कुमारी तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भगवान प्रसाद ने भी भाग लेकर फोरम के उद्देश्यों का समर्थन किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान, मार्गदर्शन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए स्थानीय फोरम सक्रिय भूमिका निभाएगा। सदस्यों ने कहा कि दिव्यांगजन अपनी समस्याओं की जानकारी फोरम को उपलब्ध कराएंगे, जिसके समाधान के लिए सभी सदस्य सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि इस पहल से दिव्यांग भाई-बहनों को विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने और अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित दिव्यांगजन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें। बैठक के अंत में प्रखंड स्तरीय समाजसेवी गुप्तेश्वर निराला ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया।

## दहेज उत्पीड़न में पति, सास-ससुर को दो-दो साल की हुई सजा, पांच हजार रुपए जुर्माना

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में दहेज उत्पीड़न के एक मामले में एसडीजेएम अनीस कुमार ने पति, सास और ससुर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। महिला थाना कांड संख्या-17/24, जीआर-667/24 एवं टीआर-1814/26 में अदालत ने तीनों अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा-4 के तहत दोषी पाया। अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि दोषी पति अजीत कुमार, सास उर्मिला देवी एवं ससुर योगेन्द्र सिंह (जम्होर निवासी) को धारा 498ए के तहत दो वर्ष की साधारण कारावास तथा 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। वहीं दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा-4 के तहत नौ माह की साधारण कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने आदेश दिया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले में शिकायतकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी 13 मार्च 2024 को दर्ज कराई गई थी।

### गहने छीनकर घर से निकाला

अदालत में पेश साक्ष्यों और गवाहों की गवाही से यह तथ्य सामने आया कि 7 नवंबर 2023 को महिला के करीब 6 लाख रुपये मूल्य के गहने छीन लिए गए और उसे घर से निकाल दिया गया।

## एनएच किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने की तैयारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला राजमार्ग सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला राजमार्ग सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स के निर्देश पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बढ़ते अवैध अतिक्रमण, सड़क दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के सुधार, अवैध पार्किंग, यातायात प्रबंधन तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे संचालित अवैध ढाबों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य प्रकार के अतिक्रमणों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि राजमार्गों के किनारे अवैध कब्जों के कारण यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

## औरंगाबाद जिला का नामकरण देव हो : श्रीराम रॉय

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले की 37 वर्ष पुरानी साहित्य, कला एवं संस्कृति की संवाहक संस्था 'साहित्यकुंज' के कार्यकारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम राय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'देव' किए जाने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी और उनके सहयोगियों द्वारा वर्षों से चलाए जा रहे अभियान को शीघ्र सफलता मिलनी चाहिए, ताकि देव का चहुंमुखी विकास हो सके और यह विश्व मानचित्र पर एक प्रमुख पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित हो। श्रीराम राय ने कहा कि देव ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। ऐसे में जिले का नाम भी इसकी पहचान के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए नालंदा जिले का नाम नालंदा रखा गया, जबकि उसका जिला मुख्यालय बिहारशरीफ है तथा वैशाली जिले का नाम उसके ऐतिहासिक गौरव के आधार पर रखा गया, जबकि जिला मुख्यालय हाजीपुर है, उसी प्रकार औरंगाबाद जिले का नाम भी देव के नाम पर रखा जाना चाहिए।

## विभिन्न मामलों में 45 गिरफ्तार 17 आरोपित भेजे गए जेल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार तक विभिन्न मामलों में कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 17 आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया है। जिला पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों में हत्या, हत्या के प्रयास, दहेज मृत्यु, मद्य निषेध एवं अन्य आपराधिक मामलों के आरोपित शामिल हैं। पुलिस आंकड़ों के मुताबिक हत्या के मामले में 4, दहेज मृत्यु के मामले में 1, हत्या के प्रयास के मामले में 18, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अभियान के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस क्रम में 60 लीटर देशी शराब तथा 4.11 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि शराब तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। जिला पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंटों एवं कुर्की आदेशों के निष्पादन में भी कार्रवाई तेज की है। बुधवार तक कुल 23 वारंटों का निष्पादन किया गया।

बिहार सरकार
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग
संदेश

उप मुख्यमंत्री
बिहार

12 जून का दिन विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर बच्चा शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण का अधिकारी है। एक समर्पित और सशक्त बचपन के ये तीन आधार हैं। जब कोई बच्चा श्रम के जाल में फंस जाता है, तो उसका सम्पूर्ण व्यक्तित्व प्रभावित होता है। बाल श्रम उसके आत्मसम्मान, सीखने की क्षमता और भविष्य के अवसरों को कुंठित कर देता है।

बिहार सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कटिबद्ध है। सरकार ने 'बाल श्रम मुक्त बिहार' की दिशा में सामुदायिक सहभागिता को प्राथमिकता दी है। जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक बाल संरक्षण समितियों का गठन, सामाजिक जागरूकता रैलियाँ, और स्कूल पुनः नामांकन कार्यक्रम इस लक्ष्य को साकार करने में सहायक हो रहे हैं।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक प्रेरणा का दिन है, हमारे भीतर की संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व को जागृत करने की। जब एक बच्चा हंसते हुए स्कूल जाता है, तभी हम कह सकते हैं कि हमारा समाज सही मायने में प्रगतिशील है।

इस 12 जून, आइए हम सभी संकल्प लें कि न केवल बच्चों को रोजगारी काम से दूर रखेंगे, बल्कि उन्हें सीखने, बढ़ने और सपने देखने का अवसर भी देंगे।

(विजय कुमार चौधरी)

PR No.- 005384 (LRD)D. 2026-27